


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-105 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 जुलाई 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## संक्षेप


### बिटकॉइन ने रचा इतिहास: पहली बार 1 करोड़ के पार



**मुम्बई, 12 जुलाई।** क्रिप्टो बाजार ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है. बिटकॉइन, जिसे कभी केवल 'डिजिटल प्रयोग' माना जाता था, अब इतिहास रच चुका है. शुक्रवार रात यह पहली बार 1 करोड़ के पार पहुंच गया. डॉलर में इसका भाव .116,046 रिकॉर्ड किया गया जो इसका अब तक का सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। इस उछाल के पीछे कोई संयोग नहीं है, बल्कि एक मजबूत राजनीतिक और आर्थिक कारण है। मार्च 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक रणनीतिक डिजिटल रिजर्व बनाने की घोषणा की थी. उन्होंने इसे डॉलर का पूरक वैकल्पिक एसेट के रूप में मान्यता दी। इस बयान के बाद वॉल स्ट्रीट से लेकर सिलिकॉन वैली तक, बिटकॉइन ETF में निवेश की लहर चल पड़ी. Fidelity, BlackRock और JP Morgan जैसी संस्थाओं ने बिटकॉइन में बड़ी हिस्सेदारी ली.

### सैफ पर हमले के बाद करीना की कार पर भी हुआ था अटैक : रोनित रॉय

**मुम्बई, 12 जुलाई।** टीवी और फिल्मों की दुनिया के मशहूर



अभिनेता रोनित रॉय ने एक हैरान कर देने वाली जानकारी साझा की है। अभिनेता ने बताया कि एक्टर सैफअली खान पर चाकू से हमला होने के बाद करीना कपूर खान की गाड़ी पर भी हमला किया गया था, जिसने अभिनेत्री को बहुत डरा दिया था। हालांकि, एक्ट्रेस से जुड़ी यह घटना गंभीर नहीं थी, लेकिन इसने उन्हें झकझोर कर रख दिया था। अभिनेता रोनित रॉय हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुए। बातचीत के दौरान एक्टर ने बॉलीवुड अभिनेता सैफअली खान पर हुए हमले का जिक्र किया। उन्होंने बताया, 'सैफअली खान को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद, जब करीना कपूर घर लौट रही थी। तो उसी दौरान करीना की कार को धक्का दिया गया, जिस कारण वह घबरा गई थीं फिर उन्होंने मुझसे सैफको घर ले जाने के लिए कहा।'

# सुकमा में 23 नक्सलियों ने किया समर्पण

## एलेक्स पॉल मेनन का अपहरणकर्ता 1 करोड़ का ईनामी लोकेश भी शामिल



**सुकमा, 12 जुलाई।** शनिवार को सुकमा जिला पुलिस और सीआरपीएफको बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां 1 करोड़ 18 लाख के ईनामी नक्सली लोकेश सहित कुल 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। हार्ड कोर नक्सली लोकेश तत्कालीन सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण में शामिल था।

मिली जानकारी के मुताबिक, पीएलजीए बटालियन में सक्रिय 8 नक्सली सहित अन्य क्षेत्रों में सक्रिय नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में डीव्हीसीएम 01, पीपीसीएम 06, एसीएम 04 एवं 12 पार्टी सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों में 09 महिला, 14 पुरुष शामिल हैं। इनमें 03 नक्सली दम्पति भी शामिल हैं।

### 2012 में हुआ था कलेक्टर का अपहरण

सुकमा जिले में नक्सलियों ने 21 अप्रैल, 2012 की शाम को केरलापाल क्षेत्र के माझीपारा गांव में कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण किया था. इस दौरान दो अंगरक्षकों की हत्या भी नक्सलियों ने की थी. मांझीपाड़ा में प्रशासन के अधिकारी 'ग्राम सुराज अभियान' के अंतर्गत ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे उसी दौरान ये वारदात हुई थी, फिर काफी मशक्कत के बाद उन्हें नक्सलियों के चंगुल से छुड़ाया गया था।

**पुनर्वास नीति रंग लाई:** छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से इन लोगों द्वारा आत्मसमर्पण किया जाना बताया जा रहा है। आत्मसमर्पित 11 नक्सलियों पर 08-08 लाख, 04 पर 05-05 लाख, 01 नक्सली पर 03 लाख एवं 07 नक्सलियों पर 01-01 लाख कुल 01 करोड़ 18 लाख रूपये के घोषित है ईनाम।

गौरतलब है कि विष्णुदेव सरकार और केन्द्र सरकार की नीतियों के चलते पूरे बस्तर में नक्सली बैकफुट पर हैं. साथ ही बड़े पैमाने पर नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधार में शामिल हो रहे हैं।

### 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत के पास 2 असीमित शक्तियां

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी नई दिल्ली में रोजगार मेले में वर्चुअली हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने वर्चुअली केंद्र सरकार में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी किए। पीएम मोदी ने कहा, 'केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान लगातार जारी है। हमारी पहचान भी है बिना पर्ची बिना खर्ची। आज 51000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में पक्की नौकरी मिल चुकी है।'

नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आप सभी के विभाग अलग-अलग हैं लेकिन ध्येय एक है। हमारा एक ही ध्येय है चाहे विभाग कोई भी हो, कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो लेकिन एक ही ध्येय है जो कि राष्ट्र सेवा है। सूत्र एक- नागरिक प्रथम। आपको देश के लोगों की सेवा करने का बहुत बड़ा मंच मिला है। आप सभी को बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। पहला- जनसांख्यिकी और दूसरी- लोकतंत्र। उन्होंने कहा, 'युवाओं का यह सामर्थ्य हमारे भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी भी है और सबसे बड़ी गारंटी भी है। हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिनरात जुटी है।'



### राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ी पहचान: पीएम

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है- देश की सेवा। बता दें कि इस दौरान पीएम मोदी ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि रोजगार मेले के अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफ़रिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

### रोजगार के लिए नई योजना की शुरुआत

पीएम मोदी ने कहा, 'आप सबको पता है कि 2 दिन पहले ही मैं 5 देशों की यात्रा से लौटा हूं। हर देश में भारत की युवाशक्ति की गूंज सुनाई दी। इस दौरान जितने भी समझौते हुए हैं, उनसे देश और विदेश, दोनों जगह भारत के नौजवानों को फायदा होना ही है।' नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम को मंजूरी दी है- रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना। इस योजना के तहत सरकार प्राइवेट सेक्टर में पहली बार रोजगार पाने वाले युवा को 15 हजार रुपए देगी, यानी पहली नौकरी की पहली सैलरी में सरकार अपना योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने करीब 1 लाख करोड़ रुपए का बजट बनाया है, इस योजना से लगभग 3.5 करोड़ रोजगार के निर्माण में मदद मिलेगी।

### केंद्रीय गृह मंत्री का सीएम विजयन पर हमला

# केरल सरकार में जमकर हो रहे हैं घोटाले : अमित शाह



**तिरुवनंतपुरम, 12 जुलाई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरल सरकार और सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की एलडीएफ सरकार भ्रष्ट है। राज्य में खूब घोटाले हो रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में केरल में स्थानीय निकाय चुनावों और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले यहां भाजपा की नई राज्य समिति कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि केरल में LDF (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) और UDF (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्ट सरकार का रहा है। LDF ने विस्फोटक घोटाला, सहकारी बैंक घोटाला, AI कैमरा घोटाला, लाइफ मिशन घोटाला, PPE किट घोटाला और भारत का सबसे बड़ा सोना तस्करी घोटाला किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर-आधारित पार्टियां हैं, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर है। केरल में कैडर कल्याण राज्य के विकास से बड़ा है, जबकि भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरलम है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक समारोहों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए सरकार में मुख्यमंत्री रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि यहां उसका राज्य कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। विकसित भारत' का रास्ता 'विकसित केरलम' से होकर ही जाता है। अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा।

# आतंकी पन्नू ने दी कपिल शर्मा को धमकी

**मुम्बई, 12 जुलाई।** खालिस्तान आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कॉमेडियन कपिल शर्मा को कनाडा में कैफे खोलने पर धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा कि कपिल खुद को हिंदूवादी बताता है। उसके कैफे पर फिर गोलियां चलाई जा सकती हैं और खालिस्तानी समर्थकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं। पन्नू ने कहा- भारत के लोग कनाडा के सर्रे शहर में निवेश कर रहे हैं। क्या कपिल का कैफे सिर्फ एक कॉमेडी कैफे है या हिंदुत्व का वैश्विक विस्तार करने की एक रणनीति का हिस्सा है? ये लोग कनाडा में बिजनेस कर रहे हैं, भारत में क्यों नहीं? जब वो कनाडा के कानून को नहीं मानते तो यहां क्यों आ रहे हैं, ये कोई खेल का मैदान नहीं है। अपना पैसा लेकर वापस हिंदुस्तान जाओ। यहां हिंदुत्व विचारधारा नहीं चलेगी।



**9 जुलाई की रात को फायरिंग हुई:** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। दावा किया गया कि हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की। इसका वीडियो भी सामने आया।

**आतंकी लाड़ी ने जिम्मेदारी ली:** मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि कपिल के कैफे पर हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लाडी ने ली। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) से जुड़ा हुआ है। वह भारत में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है।

**कपिल की टीम ने कहा- हम हार नहीं मानेंगे:** हमले के बाद कैप्स कैफे की तरफसे पोस्ट में लिखा गया- हमने कैप्स कैफे को सिर्फ एक बिजनेस के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी जगह के रूप में शुरू किया था, जहां लोग कॉफी के साथ बातचीत करते हुए सुकून पा सकें।

# न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत: सीजेआई

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और इसमें सुधार की सख्त जरूरत है। न्यायमूर्ति गवई ने हैदराबाद में नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के दीक्षांत समारोह को आज संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार पर इसका बोझ डालें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है। सीजेआई गवई ने कहा, 'हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में कभी-कभी दशकों तक देरी होती है। हमने ऐसे कई मामले देखे हैं जहां किसी व्यक्ति को विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद निर्दोष पाया गया है। हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं उनके समाधान में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं मदद कर सकती हैं।'



### उदयपुर फाइल्स : रिलीज रोकने की मांग, याचिका पर सुनवाई से सुको का इनकार

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म की रिलीज कांवड़ यात्रा तक रोकने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद फिल्म की रिलीज से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर पहुंचा था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर एक टिप्पणी दी। कहा, पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट इस पर आदेश दे चुका है इसलिए इस मांग पर हम कोई सुनवाई नहीं करेंगे। 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म शुक्रवार को ही रिलीज होनी थी। यह कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित है। 28 जून, 2022 को राजस्थान के उदयपुर में मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने मिलकर दर्जी कन्हैयालाल का गला रेत दिया था।

# दस साल से अधिक लंबित 25 हजार तक की वैट देनदारियां खत्म होंगी

**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। किए गए प्रस्ताव के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आईजीएसटी में लिए गए आरसीएम का वितरण भी अब अपने ब्रांच ऑफिस में किया जा सकेगा। इससे जीएसटी अधिनियम में विसंगति को दूर करने में मदद मिलेगी और व्यापारियों को इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कारोबार करने में आसानी होगी। एक अन्य संशोधन प्रस्ताव अनुसार, ऐसे पेनाल्टी की राशि जिनमें टैक्स की डिमांड सम्मिलित नहीं होती है, उन प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व डिपॉजिट 20 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। यह निर्णय व्यापार जगत को सहूलियत देने वाला साबित होगा।

» **छोटे व्यापारियों को मिलेगा प्रोत्साहन, 40 हजार से अधिक व्यापारियों को मिलेगा लाभ, 62 हजार से अधिक मामलों में मुकदमेबाजी कम होगी**



### अहमदाबाद प्लेन क्रैश : 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा, दोनों इंजन हुए थे बंद

# एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था।

टेकऑफके तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलेट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। एअर इंडिया की फ्लाइट AI 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया।



### पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे।

### एएआईबी की रिपोर्ट पर नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू बोले- अभी निष्कर्ष पर न पहुंचें

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के ठीक एक महीना के बाद शनिवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये एक शुरुआती जांच रिपोर्ट पर है और एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई भी आधिकारिक निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। नायडू ने कहा कि यह रिपोर्ट फ़िलहाल प्रारंभिक स्तर की है और मंत्रालय इसमें सामने आई बातों का विश्लेषण कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की ओर से हम इसका गहराई से विश्लेषण कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है और हम उन्हें हर संभव सहयोग दे रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अंतिम रिपोर्ट जल्द आएगी ताकि हम किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंच सकें। राम मोहन नायडू ने भारतीय विमानन क्षेत्र के पायलटों और क्रू की तारीफकरते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से मानता हूं कि हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन पायलट और क्रू हैं। ये हमारी एविएशन इंडस्ट्री की रीढ़ हैं।



### टेनिस प्लेयर मर्डर केस में बड़ा खुलासा

# राधिका की नहीं थी एकेडमी, कोर्ट बुक करके ट्रेनिंग देती थी, आरोपी पिता को जेल भेजा गया

**गुरुग्राम, 12 जुलाई।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फोटो टेनिस प्लेयर राधिका यादव (दाएं) की है, जिसमें वह एक लड़की को टेनिस की ट्रेनिंग दे रही है। हालांकि परिवार या पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फोटो टेनिस प्लेयर राधिका यादव (दाएं) की है, जिसमें वह एक लड़की को टेनिस की ट्रेनिंग दे रही है। हालांकि परिवार या पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

हरियाणा के गुरुग्राम में जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव के मर्डर में पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। राधिका यादव के पास टेनिस की एकेडमी नहीं थी। वह सिर्फ टेनिस कोर्ट किराए पर लेकर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देती थी। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस के एक जांच अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। राधिका अलग-अलग जगहों पर ट्रेनिंग कोर्ट्स लेकर ट्रेनिंग देती थी। पुलिस का कहना है कि पिता दीपक यादव राधिका को ऐसा करने से रोकता था। इससे पहले सामने आया था कि दीपक ने सवा करोड़ रुपए खर्च कर बेटी को टेनिस एकेडमी खुलवाकर दी थी। पिता के मना करने के बावजूद भी राधिका नहीं मानी और उसने ट्रेनिंग कोर्ट लेकर अपना काम जारी रखा। बाप और बेटी के बाद असली विवाद की यही वजह थी।

### परिचित से बोला आरोपी बाप : मैंने पाप किया

वहीं एक परिचित ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि वह कत्ल के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी बाप



दीपक से मिला। वहां दीपक ने उसे कहा- '' मैंने पाप किया है। बेटी मेरी इज्जत थी लेकिन समाज की बातें मेरे लिए जहर बन गई थीं।''

## संपादकीय

### आतंकवाद के खिलाफ मुहिम जारी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले को आर्थिक युद्ध का नया कृत्य बताया। अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'न्यूजवीक' के साथ मैनहट्टन में हुई बातचीत में उन्होंने परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति का जवाब देने की बात भी कही। जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम अब यह स्वीकार नहीं करेंगे कि आतंकवादी छद्म हैं। इस मामले में पाकिस्तान पूरी तरह दोषी है। पहलगाम में छब्बीस पर्यटकों की निर्मम हत्या के लगभग दो महीनों बाद उन्होंने विस्तार में यह बात की। भारत ने इस आतंकवादी घटना के बाद सीमापार स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला कर दिया था। विदेश मंत्री ने साफ कहा, हम सुरक्षा करेंगे। अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार का हम प्रयोग करेंगे। साथ ही कहा कि हम आतंकवाद पर बातचीत करने को इच्छुक हैं। लेकिन यदि वे आतंकवाद जारी रखते हैं तो मुझे लगता है यह यथार्थवादी नहीं है। यह भी कहा कि आप एक साथ अच्छे पड़ोसी और आतंकवादी नहीं हो सकते। हालांकि पाक सरकार विभाजित कश्मीर में हत्याओं या हमलों में किसी भी तरह का हाथ होने से इंकार करती रही है। उनकी तरफ से भारत पर जवाबी हमले भी किए गए थे और चेतावनी दी गई थी कि यदि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हथियारों का सहारा भी ले सकता है। यह शायद पहली मर्तबा था, जब भारत ने दुश्मन मुल्क के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों का जबरदस्त तौर पर सफाया किया जिसका समूची दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत अब आतंकवादियों के प्रति कोई मुर्वत नहीं करने वाला। पाक में जारी राजनीतिक अस्थिरता और उथल-पुथल के दौरान आतंकवादियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे थे। हालांकि सीमापार आतंकवाद की यह मामला बेहद जटिल है, इसलिए इसका समाधान आसानी से नहीं किया जा सकता। परंतु भारत द्वारा अपने पड़ोसी मुल्कों से संबंध सुधारने के प्रयासों पर गंभीर बात करने के संकेत दिए जा रहे हैं। पहले भी पाकिस्तान सरकार द्वारा वांछित आतंकवादियों को प्रश्रय देने के कारण उनकी नीयत पर संदेह किया जाता रहा है। प्रशिक्षित आतंकवादियों के सीमापार से चोरी-छिपे घुसपैठ से देश की न सिर्फ शांति भंग होती है, बल्कि जान-माल का भी भारी नुकसान होता है। सरकार द्वारा उठाए गए सख्त कदमों से अब समूची दुनिया को सहमत होना ही होगा। मानना होगा कि यह किसी मुल्क विशेष की बजाय आतंकवाद के खिलाफ जारी मुहिम है।

## गिरते पुल, ढहती ज़िम्मेदारियां

# बुनियादी ढांचे की सड़न और सुधार की जरूरत

✍ डॉ सत्यवान सौरभ





*वडोदरा में पुल गिरना कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि भारत के जर्जर होते बुनियादी ढांचे की डरावनी सच्चाई है। पुरानी संरचनाएं, घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और निरीक्षण की अनुपस्थिति – यह सब मौत को दावत दे रहा है। राजनीतिक घोषणाएं तो बहुत होती हैं, लेकिन टिकाऊ निर्माण और जवाबदेही की योजनाएँ नदारद हैं। अब वक़्त है कि सरकार केवल निर्माण नहीं, निरीक्षण और संरक्षण को भी प्राथमिकता दे। वरना पुल ही नहीं, जनता का भरोसा भी बार-बार ढहेगा। विकास सिर्फ रफ्तार नहीं, मज़बूत नींव और ज़िम्मेदारी मांगता है – जो अभी बहुत कमज़ोर है।*

वडोदरा में 40 साल पुराने पुल का हालिया ढहना न केवल एक स्थानीय त्रासदी है, बल्कि यह पूरे भारत के बुनियादी ढांचे की बिखरती हकीकत की नुमाइश है। ऐसे हादसे अब चौंकाते नहीं, बल्कि लगातार दोहराए जाने वाले सिस्टम फेल्योर के आदतन प्रमाण बन चुके हैं। हर बार हादसे के बाद वही रटे-रटाए बयान, वही दिखावटी जांच कमेटी, और फिर वही खामोशी – जब तक अगला पुल न गिर जाए।

भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा?

भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई। 2018 में वाराणसी में एक पुल का हिस्सा ढहने से कई लोग मारे गए। 2022 में गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज गिरने से 130 से अधिक लोग मारे गए। और अब 2024 में वडोदरा में पुल गिरा। इससे पहले बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और असम में भी पुल ढहने की घटनाएं हुई हैं।

इन हादसों का पैटर्न स्पष्ट है – पुरानी संरचना, घटिया निर्माण सामग्री, लचर निरीक्षण व्यवस्था और पूरी तरह से अनुपस्थित जवाबदेही।

भारत के अधिकांश पुल, इमारतें और सार्वजनिक संरचनाएं 30 से 60 साल पहले बनी थीं। उस समय न तो जलवायु परिवर्तन की मार इतनी तीव्र थी, न ही ट्रैफिक और जनसंख्या का भार इतना अधिक। परंतु इन्हें कभी समय रहते मरम्मत नहीं मिली। बन गया तो बन गया की मानसिकता ने इन ढांचों को धीरे-धीरे मौत के कुएं में बदल दिया।

टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को ठेका देना, फिर उसी ठेकेदार का बजट काटना, सस्ती सामग्री का उपयोग करना – यह सब इतना आम हो चुका है कि हम इसे भ्रष्टाचार मानना ही भूल गए हैं। यह एक संस्थागत भ्रष्टाचार है जिसमें प्रशासन, ठेकेदार और कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं।

क्या कभी आपने किसी पुल के पास बोर्ड देखा है जिस पर लिखा हो – यह पुल अंतिम बार कब जांचा गया था? शायद ही कभी। कारण स्पष्ट है – निरीक्षण नाम की प्रक्रिया कागजों में सिमट चुकी है। टेक्नोलॉजी का युग होने के बावजूद भारत के पास कोई केंद्रीकृत पुल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में असामान्य बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और भूकंप जैसी घटनाओं में तेजी आई है। लेकिन हमारे अधिकांश ढांचों का डिज़ाइन इन नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं हुआ था। कमजोर नींव, जल निकासी की खराब व्यवस्था और भूस्खलन की अनदेखी इसका परिणाम है।

भारत में बुनियादी ढांचे को राजनीतिक स्टंट के रूप में तो खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक मजबूती की कोई गंभीर योजना शायद ही कहीं देखी जाती है। फिट फॉर फोटो परियोजनाएं बनती हैं, जो जल्दी ढह भी जाती हैं।

हर साल सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर पर हजारों करोड़ का बजट पास करती हैं। पुल निर्माण, सड़क विस्तार, शहरी आवास योजना जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश होता है। लेकिन यह बजट वास्तव में कहाँ जाता है? यदि पुल गिर रहा है तो इसका मतलब है कि या तो बजट जमीनी स्तर तक पहुँचा ही नहीं, या उसका दुरुपयोग हुआ।

भारत में अब विकास की चर्चा अर्थव्यवस्था की रफ्तार से नहीं, गिरने वाले पुलों की संख्या से होनी चाहिए।

अगर हमें भारत को सुरक्षित, सतत और सशक्त बनाना है तो हमें बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी ही होगी।

बीस साल से अधिक पुराने सभी पुलों, इमारतों, फ्लाईओवर आदि का हर तीन वर्ष में एक बार स्वतंत्र संरचनात्मक परीक्षण अनिवार्य किया जाए। इसके निष्कर्ष सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हों।

एक स्वतंत्र राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा निरीक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए जो केवल निरीक्षण, रेटिंग और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हो। इसकी रिपोर्ट सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त हो।

पुलों में कंपन, भार, तापमान आदि की निगरानी के लिए सेंसर लगाए जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली किसी भी अनियमितता पर तुरंत चेतावनी दे सकती है।

अब समय है कि टेंडर प्रणाली को केवल न्यूनतम बोली पर आधारित होने से रोका जाए। गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और पूर्व प्रदर्शन के आधार पर निर्माण एजेंसियों का चयन होना चाहिए।

स्थानीय निकायों को छोटे ढांचों की निगरानी में भागीदार बनाया जाए। ग्रामीण और शहरी स्तर पर नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे संभावित जोखिम की जानकारी समय रहते दे सकें।

हर संरचना को जलवायु परिवर्तन के खतरों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया जाए। भारतीय मानक ब्यूरो और सड़क विकास परिषद जैसे संस्थानों के मानकों को सख्ती से लागू किया जाए।

जहां सरकार की नीयत कमजोर होती है, वहाँ मीडिया और नागरिक समाज की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पुल गिरने के बाद कवरेज तो होता है, पर क्या हमने कभी उस निर्माण एजेंसी का नाम याद रखा? क्या किसी ठेकेदार पर आपराधिक मामला दर्ज हुआ?

आरटीआई कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों को साथ लाकर एक जन-जवाबदेही मॉडल बनाना ज़रूरी है।

तेजी से हो रहे शहरीकरण और विकास की होड़ में भारत कहीं सुरक्षा और स्थिरता को नजरअंदाज कर रहा है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है – क्या हम केवल पुल बना रहे हैं या विश्वास के पुल भी बना रहे हैं? क्योंकि जब कोई पुल गिरता है तो सिर्फ कंक्रीट नहीं टूटता, जनता का प्रशासन पर से विश्वास भी चकनाचूर हो जाता है।

भारत का भविष्य शानदार हो सकता है, लेकिन उसके लिए नींव का मजबूत होना जरूरी है। वडोदरा का पुल गिरा है, कल कहीं और गिरेगा – अगर हमने अपनी दृष्टि और नीति नहीं बदली। हमें प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय बुनियादी ढांचा नीति की ओर बढ़ना होगा। नहीं तो हम हर साल पुलों की कब्रगाहें बनाते रहेंगे और नागरिकों की लाशें उठाते रहेंगे।

बुनियादी ढांचे को केवल निर्माण की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा के आधार पर देखना होगा। केवल निर्माण नहीं, संरक्षण और सुधार की नीति ही देश को टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाएगी।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको करियर से संबंधित अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन मिलेगा तथा स्टूडेंट अपनी पढ़ाई के प्रति सजग रहेंगे। आज आपके घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर लें, तो उचित होगा। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रखने के लिए लापरवाही व आलस ना करके पूरे मन से काम करेंगे तो जल्द ही आपको नई संभावनाएं मिलेंगी।

**वृष:** आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज अनुभवी लोगों से मिली बेहतरीन राय आपके लिए लाभदायक रहेगी। आप किसी भी काम को करने से पहले उसके पहलुओं पर विचार विमर्श करेंगे तो इससे आपके तरक्की के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। साथ ही आपका कॉन्फिडेंस भी बढेगा।

**मिथुन:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में अनुभवी व्यक्तियों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। नौकरी कर रहे लोग अपने काम को गंभीरता और ईमानदारी से करेंगे। आज नौकरी में आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। आज क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक रहेगा।

**कर्क:** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आप माता ङ्क पिता के लिए भी कुछ समय जरूर निकालेंगे। उनका आशीर्वाद व सलाह आपके लिए भाग्योदय का कारक बनेगा। आज आप बच्चों को डांटने के बजाय उन्हें समझने और समझाँने की कोशिश करें सब ठीक होगा। कार्यस्थल पर गतिविधियां आज सुचारू रूप से चलती रहेंगी।

**सिंह:** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज आपको लाभदायक और रोचक जानकारी मिलने से आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज आपका महत्वपूर्ण काम बिना बाधा के पूरा होने से आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा और आप पूरी ऊर्जा के साथ दिन बिताएंगे।

**कन्या:** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आज कारोबारी मामलों में सुधार होगा। आज आप जीवनसाथी की भावनाओं को समझेंगे जिससे रिश्तों में नज़दीकियां बढ़ेगी। लवमेट को मुलाकात के अवसर मिल सकते हैं, जिससे आपका दिन अच्छे से बीतेगा। पारिवारिक लोगों की छोटी-मोटी जरूरतों का ध्यान रखना घर में खुशनुमा माहौल बनाएगा।

**तुला:** आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियां आ जाएंगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त आप अन्य कार्यों में भी समय बिताएंगे। किसी सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। आज आपको रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। आज कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको किसी अपने के माध्यम से अच्छी खबर मिलने के योग बन रहे है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।

**धनु:** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरा करेंगें। पार्टनरशिप में व्यवस्था को लेकर कुछ जरुरी फैसले हो सकते है। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए सफलता प्राप्त करने में सहायक रहेगा। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे जिसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। आज आपको कुछ खास लोगों से मुलाकात करने का अवसर मिलेगा और रुका हुआ काम भी व्यवस्थित होगा। आज आप घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका कहीं पैसा अटका हुआ है तो आज आप उसको वापस प्राप्त कर लेंगें।

**कुम्भ:** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है, आज रियल स्टेट में बढ़िया डील फाइनल हो सकती है। आज ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से आपको थकान महसूस हो सकती है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगें, जिससे आपका रिश्ता खूबसूरत बनेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिटेशन करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपको मानसिक शांति प्राप्त होगी

## विज्ञान- नूतन पुरातन : शुभांशु शुक्ला ने की अंतरिक्ष में खेती-किसानी

# अंतरिक्ष में खेती-किसानी और हिरण्यगर्भ

✍ प्रमोद भार्गव







अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के प्रवासी भारतीय शुभांशु शुक्ला ने भविष्य की सुरक्षित खेती-किसानी के लिए अंतरिक्ष में बीज बो दिए हैं। यह सुनने में आश्चर्य होता है कि अंतरिक्ष लोक में खेती ? आखिर कैसे संभव है ? मनुष्य धरती का ऐसा प्राणी है, जिसकी विलक्षण बुद्धि नए-नए मौलिक प्रयोग करके धरती के लोगों का जीवन सरल व सुविधाजनक बनाने में लगी है। इसी क्रम में अब अंतरिक्ष में किया जा रहा खेती करने का प्रयोग है। परंतु ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त में हम देखते हैं कि अंतरिक्ष में जीव-जगत को पैदा करने वाले सभी सूक्ष्म जीवों के रूप में पूर्व से ही विचरण कर रहे हैं। हमें ज्ञात है कि 11 जून 2025 को अपने तीन अन्य साथी यात्रियों के साथ षुभांशु ने एक्सिओम-4 अभियान के अंतर्गत अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। 28 घंटे में 420 किमी की यात्रा कर यान अपनी मंजिल पर पहुंचा। यहां यह भी हैरानी पाठकों की हो सकती है कि जब फाल्कन-9 ड्रैगन रॉकेट की गति 27 हजार किमी थी, फिर इतना समय कैसे लग गया ? प्रश्न तार्किक है। इसकी मुख्य वजह है, वायुमंडल का गुरुत्वाकर्षण! असल में यहां शून्य गुरुत्वाकर्षण के साथ 'निर्वात' यानी खाली जगह की मौजदूगी है। अर्थात यह ऐसी स्थिति दर्शाता है, जहां कोई हवा या गैस उपस्थित नहीं होती है। इस कारण यान की गति धीमी होती है। अब तक 633 यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कदम रख चुके हैं। शुभांशु 634वें यात्री हैं। इस अभियान का लक्ष्य इस अंतरिक्ष ठिकाने पर विशेष खाद्य पदार्थ और उनके पोषण संबंधी 60 प्रयोग करना है। इनमें सात इसरो यानी भारतीय अनुसंधान संगठन के हैं। हम इन्हीं खाद्य बीजों की बात करेंगे।

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने अपने हाथों से बनाए थे। मां के हाथ से बनी भोज्य सामग्री में मीठा स्वाद तो होता ही है, साथ ही पुत्र के सुखी और उपलब्धियों से भरे मनोभाव की उन विद्युतीय तरंगें का समावेश भी होता है, जो प्रतिपल अंगुलियों से फूटती रहती हैं। उन्होंने यह भोजन अपने साथियों को भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु से हुई अठारह मिनट की बातचीत में यह पूछा भी 'क्या अपने साथियों को भारतीय व्यंजन खिलाए ?' शुभांशु ने बताया, 'हम सभी ने इसे खाया और सभी को यह पसंद भी आया।' भला इन शाकाहारी व्यंजनों की दुनिया में तुलना कहां ?

अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। यात्रियों को विभिन्न 16 सूर्योदय और 16 सूर्यस्त देखने का रोमांच और आनंद मिलता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है, सूर्य अनेक हैं। सात दिशाएं हैं, उनमें नाना सूर्य हैं,

*सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः।*

**ऋग्वेद:9.114.3**

अथर्ववेद में सात विशाल सौर मंडल उल्लेखित हैं..,

*यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकम।*

**अथर्ववेदः 13.3.10**

मेथी और मूंग की दाल के बीज अंतरिक्ष में बोकर अंकुरित करने के प्रयोग का नेतृत्व धरती से दो कृशि विज्ञानी रविकुमार होसामणि और सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस अभियान की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि यात्रियों के धरती पर लौटने के बाद बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। तंत्र और पोशण की क्रमिक विकास की संरचना होने वाले बदलावों को ज्ञात किया जा सके। षुभांशु एक अन्य प्रयोग के लिए सूक्ष्म षैवाल ले गए हैं, जिससे भोजन, प्राणवायु (ऑक्सीजन) और यहां तक की जैव ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता को वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सके।

अंतरिक्ष में आनुवंशिकी सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी पोशण संरचना की जानकारी हमें अपने प्राचीन संस्कृत ग्रंथ श्रीमद्भागवत में भी मिलती है। कश्यप-दिति पुत्र हिरण्यकश्यप केवल बाहुबलि ही नहीं है, अपितु अपनी मेधा और अनुसंधानमयी साधना से उन्होंने चमत्कारिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भी प्राप्त की हुई हैं। सभी बुद्धिमान जानते हैं कि प्रकृति में उपलब्ध प्रत्येक पदार्थ के सूक्ष्म कण स्वमेव संयोजित होकर केवल नव-सृजन ही नहीं करते हैं, अपितु उन्हें संयोजित और वियोजित (विघटित) भी करते हैं। अतएव इस अनंत ब्रह्मांड में दृश्य एवं अदृश्यमान संपूर्ण पदार्थों के तत्व उपलब्ध हैं। सूर्य की किरणों में भी सभी पदार्थों को उत्सर्जित करने वाले तत्वों की उपस्थिति मानी जाती है। हिरण्यकश्यप वायुमंडल में विचरण कर रहे इन मूलभूत तत्वों पर नियंत्रण की वैज्ञानिक विधि में निपुण थे। श्रीमद्भागवत के स्कंध-1, अध्याय-4 में कहा है...

*अकृश्टपच्या तस्यासीत सप्त द्वीपवतीमही।*
*तथा कामुधाद्यौस्तु नानाश्चर्य पदं नभः।।*

अर्थात दैत्यराज हिरण्यकश्यप अपने तप और योग से इतना तेजस्वी हो गया था कि पृथ्वी के सातों द्वीपों पर उसका एक छत्र राज था। बिना जोते-बोए ही धरती से सभी प्रकार के अन्न पैदा होते थे। 'अकृश्टपच्या' का अर्थ, भूमि को बिना जोते-बोए फसल उत्पन्न करने की विधि कहा जाता था। यानी अंतरिक्ष में या तो बीज अंकुरित किए जाते थे या प्राकृतिक रूप में उन्हें हासिल कर लिया जाता था। क्योंकि उनके उत्सर्जन के सूक्ष्म जीव वायुमंडल में हमेशा मौजूद रहते हैं।

अब दुनिया के भौतिक विज्ञानी मानने लगे हैं कि अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड में विविध रूपों में जीव-जगत व वनस्पतियों का सृजन करने वाले बीजों के सूक्ष्म कण हमेशा विद्यमान रहते हैं। गन्ना (ईख) एक बार बोने के बाद कई साल तक फसल देता है। रूस के वैज्ञानिकों ने ऐसे संपुटिका (कैपस्यूल) बना लिए हैं, जिनमें बीजों के कई-कई मूल कण संयोजित रहते हैं। आनुवंशिक रूप से बीजों को परिवर्धित करके कुछ इसी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। हमारे दिव्यज्ञानी ऋशियों ने ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'हिरण्यगर्भ' सूक्त में सृजन के सूक्ष्म जीव को हजारों वर्श पहले ज्ञात कर लिया था..,

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक असीत।
*स दाधार पृथिवीं धामुतेमां कस्मै देवाय हविशा विधेम।।*

अर्थात, इस सृश्टि के निर्माण से पहले इसके आदि स्रोत के रूप में हिरण्यगर्भ अत्यंत सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। इसी सूक्ष्म से सृश्टि का विस्तार हुआ। इस विशाल सृश्टि के आधारभूत मूल में प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म है, जिसे केवल अनुमान से ही जाना जा सकता है। हिरण्यगर्भ में हिरण्य स्वर्ण सी चमकने वाली ऊर्जा का प्रकाशपुंज है। 'गर्भ' से आशय कोख या अंडे से है। यही वह प्राकृतिक अवयव, अंग, बीज या उपकरण हैं, जिनसे संपूर्ण जीव-जगत पैदा होता है।

## सु-दोकू 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.106 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## केले के चिप्स बनाम आलू के चिप्स इनमें से किसे चुनना है बेहतर?



बाजार में कई तरह के चिप्स उपलब्ध हैं, जिनमें केला और आलू के चिप्स सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इन दोनों में से किसे चुनना बेहतर है, यह सवाल आपके मन में जरूर आता होगा। केले के चिप्स को अक्सर सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, जबकि आलू के चिप्स का स्वाद बेहतरीन होता है। आइए जानते हैं कि इनमें से किसे चुनना सेहत के लिए बेहतर है और क्यों।

**केले के चिप्स के फायदे:** केले के चिप्स के कई सेहत लाभ हैं। यह पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो दिल की सेहत को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन-बी6 और विटामिन-सी भी होता है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा केले के चिप्स में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से बचाने में मदद करते हैं।

**आलू के चिप्स के नुकसान:** आलू के चिप्स का सेवन कई सेहत समस्याओं का कारण बन सकता है। इनमें ज्यादा नमक और चर्बी होती है, जो ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा इनमें कैलोरी की अधिकता होती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा रहता है। साथ ही तले हुए आलू के चिप्स में ऐसे तत्व मिलाए जाते हैं, जो शरीर में सूजन और दिल की बीमारी का कारण बन सकते हैं।

**केले के चिप्स और आलू के चिप्स में से किसे चुनना चाहिए?:** अगर आप सेहतमंद स्नैक की तलाश में हैं तो केले के चिप्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि सेहत के लिए फायदेमंद भी होते हैं, वहीं अगर आप स्वाद के शौकीन हैं तो आलू के चिप्स आपके लिए बेहतर रहेंगे। हालांकि, अगर आप किसी भी तरह के चिप्स का सेवन सीमित मात्रा में करते हैं तो दोनों ही विकल्प अच्छा हैं।

# लंबे बालों को उलझन से बचाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, नहीं होगी परेशानी

लंबे बालों की खूबसूरती को बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण काम हो सकता है, खासकर जब बात उलझनों की आती है। उलझे बाल न सिर्फ देखने में खराब लगते हैं बल्कि उन्हें सुलझाने की कोशिश में बालों को भी नुकसान पहुंच सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने लंबे बालों को उलझने से बचा सकते हैं और उन्हें स्वस्थ रख सकते हैं।

**चौड़े दांतों वाली कंघी का करें इस्तेमाल :** बालों की उलझनों को कम करने के लिए चौड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा तरीका है। पतली कंघी से बालों को सुलझाने पर वे टूट सकते हैं और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए हमेशा चौड़ी कंघी का ही उपयोग करें। इससे बाल आसानी से सुलझ जाते हैं और उन्हें नुकसान भी नहीं होता है। इसके अलावा यह कंघी आपके बालों की प्राकृतिक चमक को भी बनाए रखती है, जिससे आपके बाल स्वस्थ और खूबसूरत दिखते हैं।

**डीप-इन कंडीशनर लगाएं :** बालों की उलझनों को कम करने के लिए डीप-इन कंडीशनर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। शैंपू करने के बाद बालों पर हल्का डीप-इन कंडीशनर लगाएं और कुछ मिनट



तक छोड़ दें, फिर पानी से धो लें। इससे बाल नरम और मुलायम हो जाते हैं, जिससे उनकी उलझनें अपने आप ही कम हो जाती हैं। इसके अलावा यह बालों की नमी को बनाए रखता है, जिससे वे स्वस्थ दिखते हैं और आसानी से कंघी से सुलझ जाते हैं।

**रात को चोटी बनाएं :** रात को सोने से पहले बालों की चोटी बनाना एक अच्छा तरीका हो सकता है, जिससे वे उलझते नहीं हैं। चोटी बनाने से बाल एक जगह पर बंधे रहते हैं और उनकी उलझनें कम होती हैं। इसके अलावा चोटी बनाने से बालों की जड़ों को भी आराम मिलता है और वे टूटने से बचते हैं। यह तरीका बालों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ भी बनाए रखता है।

**उलझन सुलझाने वाला स्प्रे का उपयोग करें:** उलझन सुलझाने वाला स्प्रे बालों की उलझनों को कम करने में मदद करता है। यह स्प्रे खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जिनके बाल लंबे और घुंघराले होते हैं। इस स्प्रे को लगाने से बाल नरम हो जाते हैं और उन्हें सुलझाना आसान हो जाता है। इसके अलावा यह स्प्रे बालों को नमी भी प्रदान करता है, जिससे वे टूटने से बचते हैं और स्वस्थ दिखते हैं। नियमित उपयोग से बालों की चमक भी बढ़ती है।

**उंगलियों से पहले सुलझाएं:** बालों को सुलझाने के लिए उंगलियों का उपयोग करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। जब आपके बाल गीले हों तो धीरे-धीरे उंगलियों से उलझनों को सुलझाएं। इससे बाल टूटेंगे नहीं और उनकी नमी भी बनी रहेगी। इन तरीकों को अपनाकर आप अपने लंबे बालों को उलझनों से बचा सकते हैं और उन्हें स्वस्थ रख सकते हैं। इन टिप्स को अपनाने पर आपके बाल मजबूत, मुलायम और खूबसूरत दिखेंगे।

## एक नजर

### मध्यस्थता जनजागरूकता अभियान के तहत अधिवक्ता संघ की बैठक आयोजित

**कांकेर, 12 जुलाई ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं मीडियेशन एंड काउंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी) नई दिल्ली के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 90 दिवसीय मध्यस्थता जनजागरूकता अभियान के तहत गुरूवार 10 जुलाई को अधिवक्ता संघ की बैठक आयोजित की गई। यह अभियान 01 जुलाई से 07 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा की गई। उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभों और लंबित वादों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों के समाधान हेतु बिंदुवार समय-सीमा निर्धारित की गई है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति और सुलह के आधार पर निष्पादन संभव हो सके। साथ ही अधिवक्ताओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं ने अभियान को सफल बनाने हेतु अपने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### ई-ऑफिस का क्रियान्वयन व तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर, 12 जुलाई ।** राज्य सरकार द्वारा शासकीय कामकाज को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं आधुनिक तथा डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नवाचार करते हुए ई-ऑफिस के द्वारा राज्य के सभी विभागों में ऑनलाईन कार्य किये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में ई-ऑफिस का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभा कक्ष में आज आयोजित किया गया। ई-ऑफिस के संबंध में राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी विभागों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य-संचालन का प्रशिक्षण कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में दिया गया।इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने ई-ऑफिस के अंतर्गत ई-फाइल की वेबसाइट में शासकीय पत्राचार के ऑटोमेशन के बारे में जानकारी दी।

### पंचायत उन्नयन सूचकांक पर जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**कांकेर 12 जुलाई ।** जनपद पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आज सर्व संबंधित लाइन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी व मैदानी कर्मचारियों को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में जनपद नोडल अधिकारी श्री विजय रामटेके एवं संकाय सदस्य श्री विनीत शोरी द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।इसी प्रकार जनपद पंचायत नरहरपुर के सभाकक्ष में सर्व संबंधित लाइन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं सचिवों का पंचायत उन्नयन सूचकांक एवं समर्थ पंचायत पोर्टल पर जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी व मैदानी कर्मचारियों को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में जनपद नोडल अधिकारी जिला समन्वयक श्री आशीष ठाकुर एवं जिला अंकेक्षक श्री बृजलाल देवा, करारोपण अधिकारी श्री राजेश कुंजाम एवं संकाय सदस्य वीरेन्द्र कुमार महिलांगे द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

### पेट्रोल पंपों में स्थापित होंगे प्रदूषण जांच केन्द्र

**रायपुर, 12 जुलाई।** राज्य में वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने एक अहम पहल की है। आगामी दिनों में 56 पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्र की स्थापना की जाएगी। परिवहन विभाग के सचिव एवं परिवहन आयुक्त श्री एस. प्रकाश (भाप्रसे) तथा अपर परिवहन आयुक्त श्री डी. रविशंकर (भापुसे) की उपस्थिति में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित करने की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में एचपीसीएल ने बताया कि रायपुर स्थित सेंट्रल जेल के पास उनके पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर की शुरुआत हो चुकी है और आगामी दिनों में 50 आउटलेट्स में सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य है। वहीं जियो पेट्रोलियम ने धमतरी और रायपुर के पंपों में केंद्र प्रारंभ कर दिए हैं तथा इस तिमाही में 6 नए केंद्र खोलने की योजना है। इंडियन ऑयल कंपनी ने जानकारी दी कि रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित जय-जवान पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर शुरू किया गया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारसुर का जिपं अध्यक्ष ने लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 12 जुलाई। जिला** पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी शुक्रवार को बारसूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपस्थित डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान मुड़ामी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। मरीजों से बातचीत में उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी मरीज को इलाज में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं समय पर मिलें।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को मानवीय संवेदना के साथ इलाज प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र एकमात्र बड़ा उपचार केंद्र है, इसलिए इसकी सेवाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की फोटो में मिट्टी फेंकने को लेकर बौद्ध समाज का विरोध और चक्का जाम

**डोंगरगढ़ 12 जुलाई।** आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में बौद्ध समाज के लोगों ने किया चक्का किसी सामाजिक तत्व ने बाबा साहब अंबेडकर की फोटो पर मिट्टी लद्दी फेंक दी थी। जिससे नाराज होकर बौद्ध समाज के लोग चक्का जाम कर दिएअंबेडकर समर्थकों का कहना है जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं करेंगे तब तक रोड़ से नही हटेंगे ।यह घटना डोंगरगढ़ के वार्ड नंबर 8 बधिया टोला की की है जहां यह घटना हुआ है नगर निगम की टी पहुंच कर बाबा साहब के पोस्टर को पानी से धोया गया इसके बाद अधिकारी पुलिस के द्वारा समझाइए दी गई वार्ड के लोगों को उसके बाद चक्का जाम को समाप्त किया नगर निगम के द्वारा पोस्ट को साफ कर दिया गया है बताया जा रहा है कई पोस्टर लगाया गया था दोपहर में और यह घटना शाम रात के बीच बताई जाती है पुलिस और प्रशासन के समझाइए के बाद समाप्त हुआ चक्का जाम। अंबेडकर समर्थकों ने पुलिस को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है ।

# जेल के कब्जे में नाली, रहवासी बदबू से परेशान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 जुलाई।** जेल प्रशासन द्वारा शहर के वीर सावरकर वार्ड के बासमुंडा पारा स्थित निकासी नाली पर फेंसिंग तार लगाया गया है। जिसकी वजह से नाली की सफाई प्रभावित हो गई है। सफाई नहीं होने से आसपास के घरों में गंदगी फैल गई है। यहां के रहवासी बदबू से परेशान है। इस विषय को लेकर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही व राणा घोष जेल अधीक्षक से मिलने केंद्रीय जेल पहुंचे।

मालूम हो कि लंबे समय से जेल विभाग द्वारा जेल के पीछे स्थित बासमुंडा पारा में बनी नाली में फेंसिंग तार लगाया गया है। यहां से निकलने वाली नाली पर जेल विभाग द्वारा फेंसिंग कर नाली को ढक दिया गया है। इस वजह से नाली की सफाई नहीं हो पा रही है। सारा कचरा नाली के अंदर लंबे समय से पसरा हुआ है। आसपास के लोग बदबू से परेशान हैं। इतना ही नहीं बल्कि जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर जो पानी छोड़ा जाता है उसकी वजह से भी काफी परेशानी हो रही है। चूंकि नाली जाम है इसकी वजह से पानी सड़क के ऊपर से बहते हुए मकानों में जा रहा है। महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जेल अधीक्षक से मिलकर इस विषय में लंबी चर्चा की। जेल अधीक्षक ने आस्वस्त किया की समस्या का निराकरण जल्द ही किया जाएगा। उनके द्वारा भी एक बार मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा और समस्या को यथासंभव हल करने का प्रयास किया जाएगा।महापौर संजय पाण्डे ने बताया जेल अधीक्षक से इस विषय को लेकर लंबी चर्चा की गई है। आसपास के लोगों को जो परेशानी हो रही है उसका निराकरण किया जाएगा। जेल अधीक्षक ने नाली बनाने को लेकर सहयोग करने की बात कही है।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र और स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**सुकमा, 12 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव शुक्रवार को विकासखण्ड छिंदगढ़ में स्थित विकासखंड चिकित्सालय और पीएचसी तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में बरसाती पानी और अन्य स्त्रोतों से जमा गंदे पानी को साफ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उल्टी-दस्त और डेंगू-मलेरिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कपड़ा सुखाने के लिए हीटर रखने और भर्ती मरीजों के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने निर्देशित किया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र और मैटरनिटी वार्ड में भर्ती मरीजों के खान-पान एवं पौष्टिक आहार में विशेष ध्यान देने कहा। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भवती, शिशुवती और छोटे बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे प्राथमिक शाला चिपुरपाल और गिरलीगुटी पहुंचे। स्कूल में उन्होंने बच्चों को पढ़ाई से संबंधित कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों के लिए पुस्तकें और गणवेश की उपलब्धता की जानकारी ली। छात्रों की उपस्थिति कम होने पर अभिभावकों से मिलकर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए। स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 3 री के छात्र को चर्मरोग से संबंधित समस्या थी। उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को छात्र का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्कूलों, आश्रम और छात्रावासों में छात्रों का नियमित स्वास्थ्य जाँच करने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम छिंदगढ़ श्री विजय प्रताप खेस और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र का संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण

धमतरी, 12 जुलाई । भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आज वनांचल नगरी के पीपराहीभर्री में बाला कॉन्सेप्ट के तहत बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाओं को देखा और बच्चों से आत्मीय बातचीत भी की। साथ ही श्रीमती शर्मा ने बच्चों को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई। संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने बच्चों से दीवार पर बने रंग-बिरंगे चित्र, गिनती, फल-फूलों के नाम आदि पूछे, जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया। गौरतलब है कि बाला कॉन्सेप्ट के तहत यह आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। श्रीमती शर्मा ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीपराहीभर्री से मेनरोड तक बन रहे पक्के सड़क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्णबनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से कमार बसाहट में रहने वालों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

## संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा पहुंचीं दुगली वनधन विकास केन्द्र, गतिविधियों की ली जानकारी

**धमतरी, 12 जुलाई ।** भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने आज अपने धमतरी-नगरी प्रवास के दौरान दुगली स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सचांलित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से ली।

बताया गया कि प्रसंस्करण केन्द्र में सीजी हर्बल के लिए उत्पाद तैयार करने और उन्हें पैक करने का काम किया जाता है। यह भी बताया गया कि प्रदेश में एकमात्र वनधन विकास केन्द्र दुगली है, जिसमें एलोवेरा का प्रीमियम प्रोडक्ट तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त यहां का अच्छी गुणवत्ता का तिखूर और प्राकृतिक शहद का प्रसंस्करण भी किया जाता है।

### अभनपुर में नकली होलोग्राम, फर्जी स्टीकर वाली शराब से भरी कार बरामद

**रायपुर।** आबकारी विभाग रायपुर की टीम ने नकली होलोग्राम और फर्जी शोले स्टीकर लगी देशी शराब के बड़े जखीरे का खुलासा करते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यह कार्रवाई रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंडी में की गई, जहां आरोपी मणिराम टंडन को चारपहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया।

छापा मार कार्रवाई के दौरान आरोपी मणिराम टंडन से ग्रैंड द्ब10 कार में परिवहन की जा रही 3 पेटियों में कुल 144 पाव नान ड्यूटी पेड नकली होलोग्राम व नकली शोले स्टीकर युक्त देशी मदिरा मसाला जब्त की गई।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी कार्रवाई

**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति लेकर आगे बढ़ रही है। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पूर्व शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रूपए के बहुचर्चित शराब घोटाले में साय सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 29 में से 22 आबकारी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबन की इस कार्रवाई को किसी भी राज्य द्वारा की गई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इन अधिकारियों पर वर्ष 2019 से 2023 के बीच भ्रष्टाचार कर करीब 88 करोड़ रुपये की अवैध कमाई से चल-अचल संपत्तियां भी बनाने का आरोप है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ष्टक्क) द्वारा की गई विस्तृत जांच में यह खुलासा हुआ है कि यह पूरा घोटाला एक संगठित सिंडिकेट के जरिये संचालित हो रहा था, जिसमें आरोपी आबकारी अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मामले में एक अधिकारी की मौत हो चुकी है और सात अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। गत 7 जुलाई को



न्यायालय में दाखिल पांचवें पूरक चालान में इन अधिकारियों के खिलाफ 138 पृष्ठों की समरी, 2100 पृष्ठों के मूल दस्तावेज और 227 गवाहों के नाम शामिल किए गए हैं। इसका खुलासा होते ही छत्तीसगढ़ सरकार ने बिना देर के 22 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। जिनमें आबकारी उपायुक्त अनिमेष नेताम, अरविन्द कुमार पाटले, नीतू नोतानी, नोहर सिंह ठाकुर, विजय सेन शर्मा शामिल हैं। इसी प्रकार सहायक आयुक्त आबकारी प्रमोद कुमार नेताम, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंह तोमर, राजेश जायसवाल, मंजुश्री कसेर, दिनकर वासनिक, आशीष कोसम, सौरभ बख्शी, प्रकाश पाल, रामकृष्ण मिश्रा, अलख राम कसेर, सोनल नेताम और जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल, गरीबपाल सिंह दर्दी, इकबाल अहमद खान, जनार्दन सिंह कौरव, नितिन कुमार खंडूजा शामिल हैं। गौरतलब है कि पूर्व सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान कई बड़े घोटाले हुए हैं, जिनकी जांच केंद्रीय और राज्य एजेंसियां कर रही हैं और एक-एक कर सभी दोषी जेल भेजे जा रहे हैं। केवल शराब घोटाला ही नहीं, राज्य सरकार डीएमएफ घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाला और तेंदूपत्ता घोटाले जैसे मामलों की भी गहराई से जांच करवा रही है, जिनमें किसी भी तरह की संलिप्तता सामने आने पर दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो रही है। बीते दो वर्षों में ष्टक्क ने 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों को पकड़ा है, जो राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के साथ-साथ राज्य में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके तहत जेम पोर्टल से खरीददारी को अनिवार्य किया गया है, ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत हुई है, 350 से अधिक सुधारों के जरिये निवेश की राह भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और आसान बनाई गई है, इसी क्रम में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के माध्यम से एनओसी की प्रक्रिया बेहद सरल कर दी गई है।

# ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार



**सुकमा, 12 जुलाई।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है।विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा श्री सुखराम देवांगन ने बताया कि सुकमा विकासखंड में कुल 246 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 181 प्राथमिक शाला, 65 माध्यमिक शाला, 13 हाई स्कूल और 7 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखंड में 1 विद्यालय शिक्षक विहीन था और 42 विद्यालय एकल शिक्षक पर संचालित हो रहे थे। शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की पारदर्शी प्रक्रिया से इन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई, जिससे अब छात्र-छात्राओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

# प्राचार्य ने अनाथ बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य सामग्री की वितरित, स्कूल फीस भी माफ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 12 जुलाई।** विकास खण्ड दरभा अंतर्गत शाउमवि छिंदबहार में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य बुधराम कश्यप द्वारा गुरु पूर्णिमा व अपने जन्मदिन पर अनाथ व निर्धन विद्यार्थियों को पुस्तक - कापी, पेन आदि का वितरण किया गया। साथ ही इन बच्चों की स्कूल फीस माफ किए जाने क़ी घोषणा प्राचार्य बुधराम कश्यप किया गया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माता पिता इस दुनिया में नहीं होते हैं ऐसे बच्चों को पढ़ाई में अनेक समस्याएँ आती हैं और इन्हें पुस्तक, कापी एवं फीस आदि की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रभारी प्राचार्य बुधराम कश्यप द्वारा ऐसे बच्चों कि मदद के लिये पहल क़ी। साथ ही इन बच्चों के अलावा स्कूल के और भी गरीब जरूरतमंद बच्चों को नगद के रूप में फीस के लिए तथा 12वीं उत्तीर्ण कई बच्चों को कॉलेज में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने में लगाने वाली राशि का भी बुधराम कश्यप द्वारा सहयोग इसी सत्र में किया गया। श्री कश्यप के द्वारा हर साल बच्चों को कुछ ना कुछ गुप्त दान के रूप से पुस्तक, कापी,फीस के लिए नगद राशि देकर सहयोग किया जाता रहा है। इस दौरान श्री कश्यप के द्वारा संस्था के समस्त स्टॉफ ने उन्हें जन्म दिन क़ी बधाई देते हुए यादगार स्मृति स्वरूप पेन प्रदान किया गया। अंत में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। घर में लगाने हेतु बच्चों को पौधा भी वितरण किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ.अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, डॉ.तुलादास मानिकपुरी, डॉ. लुदरसन कश्यप, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, नोहर सिंह सलाम, दिनेश नाग, देवचन्द सेठिया, हेमंत मांझी, जगन्नाथ समरथ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 12 जुलाई।** शिक्षित एवं पात्र युवाओं से भारतीय वायु सेना में अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवारों से अग्निवीरवायु 02/2026 बैच के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक इस भर्ती के लिए वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in पर 11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक केवल ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन या प्रदेश द्वारा विज्ञान विषय में गणित, भौतिकी न्यूनतम 50त्न अंको और अंग्रेजी में 50त्न के साथ उत्तीर्ण की होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई 2005 और 02 जनवरी 2009 (दोनो तिथियों को मिलकर) के बीच जन्म हो। आवेदन प्रक्रिया वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर उपलब्ध है, उम्मीदवार को सलाह दी जाती है की ऑनलाईन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरा गया विवरण अगर भर्ती के किसी भी चरण में गलत पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवार रद्द कर दी जाएगी।

# नगर में अब जनता को बार-बार नही लगाने पडेंगे नपं कार्यालय के चक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 12 जुलाई ।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर में अब जनता को बार-बार किसी भी कार्य या समस्या के लिए नपं कार्यालय के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। दरअसल इसके लिए नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने हेतु आज नपं कार्यालय में समस्त विभागों की बैठक ली । इस दौरान उन्होंने यहां अधिकारी, कर्मचारियों को सुव्यवस्थित ढंग से काम करने , स्टाफ पर्ची मेंटेन करने समेत जनता के हित में काम करने जैसे कई निर्देश दिए है, इस दौरान सभी विभागों का बंटवारा भी किया गया । नपं अध्यक्ष रजनीश ने बताया कि नगर की जनता को किसी भी काम के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए एक कर्मी द्वारा नपं कार्यालय में रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा जिसमे अगर कोई व्यक्ति नपं कार्यालय में किसी काम या समस्या को लेकर आता है और उस समय उक्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी से की मुलाकात नही हो पाती है तब उक्त कर्मी द्वारा नाम व सम्पर्क नम्बर लिया जायेगा और काम या समस्या रजिस्टर में इंट्री किया जाएगा । इसके बाद उक्त विभाग के अधिकारी-कर्मी जैसे ही ऑफिस पहुँचेंगे उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी और काम होने पर व्यक्ति को फोन से सूचना दी जाएगी । अगर जरूरत पड़ेगी तो ही कार्यालय दोबारा बुलाया जाएगा अन्यथा नही। ऐसे में एक ही काम के लिए आम जनता को बार-बार नपं कार्यालय के चक्कर नही काटने पड़ेंगे । इस दौरान बैठक में टेक्स वसूली करने पर भी कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए । टेक्स वसूली के सम्बंध में सख्ती दिखाते हुए नपं अध्यक्ष ने कहा कि ये हमारा अधिकार है उन्होंने कहा कि निकाय की स्थिति कमजोर है, कर्मचारी दिनरात नगर के लिए काम करते है, इसके साथ ही छोटे कर्मियों की आर्थिक स्थिति भी उतनी सुदृढ नही रहती है ऐसे में उन्हें समय से नियमित मेहनताना भी जरूरी है इसके लिए उन्होंने टेक्स वसूली पर भी तेजी लाने के निर्देश दिए है । इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि नगर में जो भी आर्थिक रूप से कमजोर है उन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा हमारी कोशिश यह रहेगी कि कैसे उनके लिए विकास कार्य किया जाए। सिस्टम को दुरुस्त करके नगर के हित मे काम करेंगे और जनता का काम जितनी आसानी से हो सके उस ओर हम कदम बढ़ाएंगे। इस दौरान बैठक में पार्षद अवधेश गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण, सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान, नपं के कर्मी समेत अन्य मौजूद रहे।

# एक्सिस बैंक ने दंतेवाड़ा जिले के युवाओं के लिए रोजगार शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 12 जुलाई ।** जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, लाइवलीहुड कॉलेज में एक्सिस बैंक द्वारा एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में फील्ड ऑफिसर एवं ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों हेतु युवाओं का चयन किया जा रहा है। रोजगार शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा शामिल हुए और चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाएगा। एक्सिस बैंक के अधिकारियों ने बताया कि यह पहल युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए बेहतर भविष्य की नींव रखते हैं और जिले के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

एक नजर

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री हेतु प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को

**रायगढ़, 12 जुलाई।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 जुलाई 2025, रविवार को किया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। यह परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय, गढ़उमरिया, रायगढ़ (संचालित स्थान-लाइवलीहुड कॉलेज, गढ़उमरिया) में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र का वितरण परीक्षा दिवस 20 जुलाई को ही प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के सेहत की लगातार करें मॉनिटरिंग:कलेक्टर

**रायगढ़, 12 जुलाई।** स्वास्थ्य विभाग शासन-प्रशासन की सबसे अहम जिम्मेदारी संभालता है। लोक स्वास्थ्य की दृष्टि से जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम विभाग के जिम्मे है। ग्रास रूट स्तर तक सबसे ज्यादा पहुंच है, सभी जरूरी साधन उपलब्ध कराए गए हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाएं, जिससे आमजन तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ पहुंच हो। यह बातें कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव और सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी भी उपस्थित रहे।

# निगम क्षेत्र में जर्जर भवन

**राजनादगांव, 12 जुलाई।** बारिश के मौसम में निगम क्षेत्र में कई जगहों पर जर्जर भवन गिरने की खबर सामने आती है जिसके चलते लोगो को अपनी जान और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है वही राजनादगांव निगम क्षेत्र में भी ऐसे कई भवन है जिसकी हालत बहुत जर्जर हो चुकी है और बारिश में जन हानि होने की आंशका बनी हुई है वही नगर निगम अब इन क्षति ग्रस्त और जर्जर भवन को चिन्हित कर डिस्मेंटल करने की तयारी कर रही है ताकि कोई जनहानि न हो वीओ 01 -बारिश के दिनों में जर्जर भवन ढ़हने या गिरने की खबरे सामने



आती है वही राजनादगांव नगर निगम के कई क्षेत्र ऐसे है जहा पर मकान पूरी तरह से क्षति ग्रस्त और जर्जरर हो चुकी है और कभी भी बड़ी हादसा हो सकती है ,शहर के गुड़ाखू लाइन में 1938 में बना मकान ,गंज चौक में 10 दुकानों और ऊपर 10 मकानों वाली बिल्डिंग जिला अस्पताल के पास सरकारी क्वार्टर जर्जर हो चुकी है वही इस मामले में नगर निगम के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा का कहना है की नगर निगम क्षेत्र में जो भी जर्जर भवन है इन्हे इंजीनियर के माध्यम से चिन्हित किया जा रहा है और उन्हें सूचना दी जाएगी अगर रिहायशी क्षेत्र है और रहने लायक नहीं या अयोग्य है तो उन्हें अयोग्य घोषीत किया जायेगा ।

## छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना : प्रतिभा खोज के तहत खिलाडियों को मिलेगा खेलवृत्ति का लाभ

**रायगढ़, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों के राष्ट्रीय खेल/राष्ट्रीय चैम्पिनशीप के सीनियर, जूनियर एवं सबजूनियर वर्ग के पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह खेल वृत्ति एक वित्तीय वर्ष में केवल एक बार ही प्रदाय की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह खेल वृत्ति सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 75 हजार रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 60 हजार रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपए तथा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 60 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 40 हजार रूपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 30 हजार रुपए तथा सब-जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 50 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 20 हजार रूपए मात्र की खेलवृत्ति प्रदाय किया जाएगा।इस योजना के अंतर्गत केवल उन्हीं खिलाड़ियों को खेलवृत्ति मिलेगी, जिन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हो और जिनकी आयु 25 वर्ष से अधिक न हो। यदि कोई खिलाड़ी एक से अधिक वर्ग में पदक प्राप्त है।

## बिहान योजना से महिलाएं हो रही सशक्त

**रायपुर, 12 जुलाई ।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने विविध आयामों में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की तकदीर बदल रही है। बिहान से जुड़कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम आरला की लखपति दीदी श्रीमती ममता देवांगन ने सफलता की इबारत लिख रही हैं। श्रीमती ममता देवांगन ने अपने मजबूत इरादे एवं आत्मविश्वास से उन्होंने न केवल अपने परिवार को मजबूती प्रदान की, बल्कि एक सफल व्यवसायी बनी। उन्होंने बताया कि वे बिहान योजना के तहत वे ज्योति स्वसहायता समूह से जुड़ी है। उन्होंने बिहान योजना के तहत 8 लाख रूपए, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना अंतर्गत 10 लाख रूपए एवं वन स्टॉप फैसेलिटी के तहत 1 लाख 20 हजार रूपए का ऋण लिया और एक सोमनी में साई बूट हाऊस तथा राजनांदगांव शहर में सिद्धांत बूट हाऊस दुकान प्रारंभ किया है। उनकी वार्षिक आय लगभग 5 लाख रूपए एवं प्रतिमाह आय लगभग 50 हजार रूपए है। शासन की बिहान योजना गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रहा है। लखपति दीदी श्रीमती ममता देवांगन ने बताया कि बिहान से जुडने से पहले एक घरेलू महिला थी। उनके पति प्लांट में काम करते थे। बिहान के जुडने के बाद वे पुस्तक लिखने का कार्य करती थी। जिसके कारण उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पुस्तक संचालक के रूप में चयनित किया गया। अपनी आमदनी को बढ़ाने तथा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए वे बिहान से जुड़कर विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ी।

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक



**बीजापुर 12 जुलाई ।** कलेक्टर संबित मिश्रा के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित सभी योजनाओं का समीक्षा किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास अधिकारी कांता मश्राम को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनान्तर्गत चिन्हित सभी गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से जांच निर्धारित तिथि माह के 9 व 24 को सभी का शत् प्रतिशत ए.एन.सी. चेकअप किया जाना है। ऐसे सभी हाई रिस्क वाले गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर उनका विशेष ध्यान पोषण आहार व संस्थागत प्रसव के लिए किया जाना है। आंगनबाड़ी में दर्ज सभी बच्चों के ऑनलॉईन जन्म प्रमाण पत्र तैयार किया जाना है, इसके लिए आंगनबाड़ी स्तर पर दर्ज सभी बच्चों का दस्तावेज तैयार कर ग्राम पंचायत सचिव को देने के लिए निर्देशित किया गया। पोषण ट्रेकर में सभी हितग्राहियों के आधार अपडेट करने के लिए चरणबद्ध शिविर लगाकर आधार बनाने व अपडेट करने के लिए निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी स्तर में व्यवहार परिवर्तन व ई.सी.सी. गतिविधि पर फोकस बढ़ाने, कुपोषण से निजात दिलाने, महतारी वंदन योजनान्तर्गत छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन फॉर्म एवं ऐसे हितग्राही जिनका अकाउंट नही खुला हो उनका अकांउन्ट ओपनिंग करवाकर दस्तावेज तैयार रखने निर्देशित किया गया, भविष्य में जब भी शासन स्तर से योजना का पुनः पंजीयन प्रारंभ हो तो कार्यवाही की जा सके। नियद अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित हेतु निर्देशित किया गया है, निर्माणधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के गुणवत्ता की निगरानी नियमित रूप से निगरानी एवं केन्द्र स्तर पर वृद्धि निगरानी चॉर्ट का बच्चों के अनुसार भरा होना चाहिए इसके सुपरवाईजर को निर्देशित किया गया। केन्द्र स्तर पर ही सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों को डाक्यूमेंन्टेशन पटवारी के माध्यम से कराकर जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना का सेक्टरवार समीक्षा किया गया।

## जांच में मिली अनियमितता, 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी



**बीजापुर 12 जुलाई ।** जांच में मिली अनियमितता, 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी संचालक कृषि के निर्देशानुसार जिले में संचालित उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि श्री प्रताप सिंह कुसरे के नेतृत्व में निरीक्षकों के द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड संचालित विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्रवाइ की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।बीजापुर विकासखण्ड़ में निरीक्षक श्री उग्रेश कुमार देवांगन (सहायक संचालक कृषि) एवं श्री मरकेला श्रीनिवास (कृषि विकास अधिकारी) द्वारा ग्राम मांझीगुड़ा में संचालित धुरवा कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्र में निर्धारित प्रारुप में स्कंध पंजी का संधारण, मुल्य सूची का प्रदर्शन, दैनिक उपलब्ध स्टॉक सूची का प्रदर्शन नहीं पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड़ भोपालपटनम में उप संचालक कृषि श्री प्रताप सिंह कुसरे के नेतृत्व में निरीक्षक चुनेन्द्र प्रकाश देवांगन (अनुविभागीय कृषि अधिकारी) द्वारा बालाजी ट्रेडर्स, मद्देड़ एवं लक्ष्मी मार्केटिंग एण्ड कृषि सेवा केन्द्र, मद्देड़ का निरीक्षण किया गया। जिसमें निजी उर्वरक विक्रेता बालाजी ट्रेडर्स, मद्देड में निर्धारित प्रारुप में स्कंध पंजी का संधारण किया जाना नहीं पाया गया।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिले में हुआ वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम



**रायगढ़, 12 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रायगढ़ जिले 1 से 5 जुलाई तक वृहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, जिला व जनपद पंचायत के कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गांव के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पीपल, नीम, आम, जामुन, अमरूद, शीशम और सागौन जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी फलदार और छायादार प्रजातियां के पौधे लगाए गए।

इस अभियान के तहत जिले भर में 54 हजार 812 पौधों का रोपण किया गया और यह प्रयास अभी भी निरंतर जारी है। इस दौरान ग्राम पंचायतों के सहयोग से 13 हजार 648 पौधे, मनरेगा के माध्यम से 14 हजार 930 पौधे, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा 20 हजार 975 पौधे, शासकीय और निजी विद्यालयों व छात्रावासों में 3 हजार 509 पौधे तथा आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर 1 हजार 750 पौधे रोपे गए।

पर्यावरणीय संतुलन के लिए रोपे गए पौधे हवा की गुणवत्ता में सुधार, भूजल स्तर को बढ़ाने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ये पौधे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करेंगे, जिससे जिले का पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ होगा। इस अभियान ने समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाकर सामुदायिक सहभागिता को मजबूत किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्व-सहायता समूहों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाया। नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों द्वारा किए गए वृक्षारोपण ने उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव सिखाया।

## जिले में 518.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 12 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 जुलाई तक 518.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 16.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 607.2 मिली मीटर, पुसौर में 570, खरसिया में 512.8, घरघोड़ा में 496.7, तमनार में 375.7, लैलूंगा में 473.5, मुकडेगा में 594, धरमजयगढ़ में 437.5, छाल में 505.5 एवं कापू में 610 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## अवैध कब्जा पर लगातार तीसरे दिन पुराना बस स्टैंड, फ्लाईओवर के नीचे हुई कार्रवाई

**राजनांदगांव, 12 जुलाई।** राजनांदगांव में लगातार अवैध कब्जे के विरुद्ध निगम प्रशासन की कार्यवाही चल रही है आज पुराने बस स्टैंड फ्लावर के नीचे अवैध कब्जे पर कार्यवाही हुई निगम कमिश्नर और निगम के कर्मचारी और पुलिस अधिकारी कब्जा हटाने के समय मौजूद थे फ्लावर के नीचे अवैध गुमटी ठेलाओं को हटाया गया।कल मुख्य बाजार स्थित मानव मंदिर चौक और जूनिहटरी सहित कई जगहों पर कार्रवाई हुई थी अभी रोड में लगे ठेले और दुकानों के बाहर लगे सामानों को और टीन के शेड को हटाया जा रहा है और जिन लोग का सीमेंट का छज्जा बाहर है उनको दो-तीन दिन का मौका दिया गया है दो-तीन दिन बाद अवैध निर्माण पर भी कार्यवाही होगी राजनांदगांव बाजार में ट्रैफिक की समस्या बहुत दिनों से चल रही थी।

## स्कूल में पुस्तक वितरण नहीं होने पर एनएसयूआई का कटोरा लेकर प्रदर्शन

**राजनंदगांव, 12 जुलाई।** आज एनएसयूआई कटोरा लेकर डीओ ऑफिस से सामने प्रदर्शन किया । एनएसयूआई नेताओं का कहना था कि गांव गांव में शराब बिक रही है लेकिन गांव के स्कूलों में अभी तक किताब नहीं पहुंची है 2 महीने बाद परीक्षा है और बच्चों की किताब नहीं है। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत 10 हजार स्कूल बंद किया जा रहे हैं। आज डीओ ऑफिस के सामने एनएसयूआई ने कटोरा लेकर प्रदर्शन किया और कहां कि हम कटोरा लेकर किताबों की भीख मांग रहे हैं और सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## प्रयास आवासीय विद्यालय: कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़, 12 जुलाई।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग किया जाना है। विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग 15 से 18 जुलाई 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी, जिला-रायपुर में होगी।

# छत्तीसगढ़ सरकार की ऐतिहासिक कार्रवाई भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

**रायपुर, 12 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता से लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य शासन ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अधिकारियों को निलंबित किया है।यह कार्रवाई पूर्ववर्ती शासनकाल के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियाँ अर्जित की थीं।आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (श्वह्रङ्ख) और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ष्टक्च) की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूर्ववर्ती शासनकाल में हुए सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।राज्य सरकार डीएमएफ घोटाले, महादेव ऑनलाइन सट्टा एप प्रकरण, तेंदूपत्ता वितरण, सीजीएमएससी और अन्य मामलों की भी गहन जांच करवा रही है। हाल के दो वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई की है।मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के समूल उन्मूलन के साथ सुशासन की दिशा में अग्रसर है। शासन की प्राथमिकता है पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित में निष्ठावान प्रशासन। इसी क्रम में जेम पोर्टल से सरकारी खरीद को अनिवार्य किया गया है, ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है, और 350 से अधिक सुधारों के माध्यम से निवेश की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की शुरुआत के साथ अब एनओसी की प्रक्रिया सरल, तेज और तकनीक-सक्षम हो चुकी है। इससे उद्यमियों और निवेशकों को स्पष्ट लाभ मिला है।आबकारी विभाग में एफएल-10 नीति समाप्त कर पारदर्शिता बढ़ाई गई है, वहीं नकली शराब पर अंकुश लगाने के लिए बोतलों पर सुरक्षा होलोग्राम अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त खनिज ट्रांजिट पास और लकड़ी नीलामी की प्रक्रिया भी अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई

## बिजली दरें संतुलित, ग्रामीण-आदिवासी, सभी के लिए हितकारी तथा विकासपरक

**रायपुर, 12 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनी लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विद्युत दरों का अनुमोदन किया गया। वितरण कंपनी के एमडी श्री भीमसिंह कंवर ने बताया कि समेकित रूप से विद्युत दर में विगत वर्ष की तुलना में मात्र 1.89 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो नगण्य है। कृषि उपभोक्ताओं के लिए कुछ मदों में दर वृद्धि की गई है जिसका भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है, अतः इससे कृषि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा अस्थायी कनेक्शनों, आदिवासी अंचलों, मुरमुरा-पोहा उद्योगों, प्रिंटिंग प्रेस आदि के लिए रियायतें बढ़ाई गई है या यथावत् रखी गई है।छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी को विद्युत की लागत 7 रू. 2 पैसे पड़ती है जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को न्यूनतम 4 रू. 10 पैसे की दर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। नई विद्युत दरों की कुछ विशेषताओं को उल्लेखित किया गया है। निम्न मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट एवं अन्य घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

## लोग अब बंदूक नहीं, विकास की राह पर साथ चलना चाहते हैं : सीएम

**रायपुर, 12 जुलाई ।** नारायणपुर जिले में 37 लाख 50 हजार के इनामी कुल 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के ऊपर ?50 हजार रुपए से लेकर ?8 लाख तक के इनाम घोषित थे।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोग अब बंदूक नहीं, विकास की राह पर साथ चलना चाहते हैं।÷ हमारी सरकार में अब तक कुल 1476 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हमारी सरकार की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की सकारात्मकता का प्रमाण है।

## प्रशासन पहुंचा पीएम आवास के हितग्राही के द्वार



**बीजापुर 12 जुलाई ।** विकासखंड भैरमगढ़ से बारसूर होते हुए चित्रकूट जाने वाली मार्ग में लगभग 70 किलोमीटर दूरस्थ ग्राम पंचायत बेंगलूर स्थित है। इस ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 114 आवास स्वीकृत हुए है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने जिला पंचायत से शाखा प्रभारी अधिकारियों ने ग्राम पंचायत बेंगलूर पहुंचकर पीएम आवास हितग्राहियों की बैठक ली। बैठक में सरपंच श्रीमती रमली मंडावी की उपस्थिति में सहायक परियोजना अधिकारी श्री मनीष सोनवानी एवं जिला समन्वयक श्री गंभीर सिंह परिहार ने प्रत्येक हितग्राहियों के आवास की प्रगति की वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ तकनीकी पहलुओं एवं राशि आबंटन की संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराते हुए निर्माणाधीन आवास को जल्द पूर्ण करने कहा गया। हितग्राहियों को आवास निर्माण में आने वाली समस्याओं को पूछते हुए निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।बैठक उपरांत पंचायत परिसर में ग्रामीणों द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जल बचाने संकल्प लेते हुए स्वच्छता शपथ भी लिया गया। जिला समन्वयक एसबीएम श्री अमृत साहू ने जल के महत्व को बताते हुए महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन से प्रत्येक घर सोखता गढ्ढा बनाने को कहा गया। पंचायत परिसर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर ग्रामीणों द्वारा पौधे रोपे गए।इस अवसर पर पीएम आवास ग्राम पंचायत नोडल जी पी नाग, ब्लॉक कोआडिनेटर विकास मंडावी, मनकू तेलम, ग्राम पंचायत सचिव सोहन के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मदनवाड़ा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनादगांव, 12 जुलाई ।** नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में राजनांदगांव के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों ने अपनी शहादत दे दी थी। उनकी शहादत की बरसी पर आज उन्हें नमन करने राजनांदगांव पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद परिवारों को शॉल श्रीफल से सम्मानित करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रधांजलि सभा मे सांसद संतोश पांडेय, छग पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा ,महापौर मधुसुदन यादव शामिल हुए

12 जुलाई वर्ष 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानपुर के कोरकोट्टी, सीता गांव और मदनवाड़ा में नक्सलियों के हमले से राजनांदगांव जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 अन्य पुलिस जवानों की शहादत हुई थी। उनकी शहादत की बरसी पर प्रतिवर्ष राजनांदगांव शहर के पुलिस लाइन में शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। आज उनकी शहादत की 16 वीं बरसी पर भी राजनांदगांव शहर के पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वर्गीय विनोद चौबे



की पत्नी रंजना चौबे सहित सभी शहीद परिवार के लोग शामिल हुए और शहीदों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्वर्गीय एसपी विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे ने कहा कि यह दिन काफी भावुक और गर्व करने वाला दिन है, उन्होंने कहा कि आनेवाली पीढ़ी शहीदों की कुर्बानी याद रखें और अमन शांति कायम हो।

श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में जनप्रतिनिधियों के अलावा आईजी और पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे और शहीदों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित दुर्ग रेंज के आईजी ने शहीद परिवार के लोगों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि पुलिस परिवार द्वारा शहीद पुलिस जवानों की वीरता को नमन करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है 2009 और 2025 का दिन है आज नक्सली भागे भागे फिर रहे है आत्मसमर्पण का भीख मांग रहे है कहा कि देश के गृह मंत्री और सीएम विष्णुदेव साय ने संकल्प लिया है कि आगामी 2026 में छग से नक्सलीयो का सफाया हो जाएगा और छग नक्सल वाद से मुक्त हो जाएगा।शहीद दिवस के अवसर पर राजनांदगांव शहर के प्यारे लाल चौक स्थित शहीद विनोद चौबे की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पण करते हुए उनकी शहादत को नमन किया गया। शहीद दिवस के आयोजन में शहीद परिवार के लोगों के आंसू छलक पड़े। वहीं इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शहीद और पुलिस परिवार के लोग सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित शामिल हुए।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**रायपुर 12 जुलाई ।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) द्वारा आज सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रेरणादायक उपस्थिति और मार्गदर्शन ने छात्रों को न केवल जानकारी प्रदान की, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरती गुहे, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय रायपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा ट्रैफिक थे, जिनके साथ डॉ. प्रशांत शुक्ला ट्रैफिक), श्री टिकेलाल भोई एवं श्री सहदेव वर्मा (ट्रैफिक पुलिस, रायपुर) ने भी अपने विचार साझा किए।अधिकारियों ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, ट्रैफिक जागरूकता, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग, एवं डिजिटल ट्रैफिक सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। सभी वक्ताओं ने एक सुर में यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुबुही निषाद ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकों और छात्राओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा,सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। अपने जीवन की, अपने परिवार की और समाज की। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सतर्क रहें ।

**एक नजर**

## वैभव सूर्यवंशी अब इंग्लैंड के खिलाफरेड-बॉल क्रिकेट में कमाल दिखाने के लिए हैं तैयार



वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम की तरफसे खेलते हुए 5 मैचों की यूथ वनडे सीरीज में अपने बल्ले का कमाल दिखाने के साथ 355 रन बनाए थे, जिसमें एक शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी शामिल थी। वैभव अपने प्रदर्शन के दम पर लगातार वर्ल्ड क्रिकेट में भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब 14 साल के वैभव की असली परीक्षा इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली रेड-बॉल क्रिकेट में होने वाली है, जिसमें टीम इंडिया 12 जुलाई को मेजबान टीम के खिलाफ 2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेलने केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड, बेकेनहम में उतरेगी। भारतीय अंडर-19 टीम की तरफ से इस यूथ टेस्ट सीरीज में कप्तानी की जिम्मेदारी आयुष म्हात्रे संभाल रहे हैं, जिसमें वैभव सूर्यवंशी के अलावा अभिज्ञान कुंडू, विहान मल्होत्रा और मोहम्मद इनान के प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहने वाली हैं। वहीं इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए इस यूथ टेस्ट सीरीज में कप्तानी की जिम्मेदारी थॉमस रियू संभाल रहे हैं जिसमें टीम में उनके अलावा रॉकी फ्लिंटॉफ और जेडन डेनली भी शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले की शुरुआत 12 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर होगी।

# रोहित को पीछे छोड़ देंगे ऋषभ

**भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट**

## सहवाग के कीर्तिमान पर भी खतरा



इंग्लैंड के ऐतिहासिक क्रिकेट ग्राउंड लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इंग्लैंड की पहली पारी 387 रनों पर सिमट गई। भारत की ओर से स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखाया। मोहम्मद सिराज और नितीश कुमार रेड्डी ने 2-2 विकेट झटके। वहीं, रवींद्र जडेजा को एक सफलता मिली। इंग्लैंड की पहली पारी के जवाब में भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 145 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं। केएल राहुल 53 रन बनाकर नाबाद हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 19 रन के स्कोर पर खेल रहे हैं। तीसरे दिन दोनों बल्लेबाजों से बड़ी साझेदारी की उम्मीद होगी। इस दौरान ऋषभ पंत के पास बड़ा मुकाम हासिल करने का मौका होगा।

**पंत के पास इतिहास रचने का मौका**

दरअसल, ऋषभ पंत ने 3 चौके की मदद से 19 रन अपने खाते में कर लिए हैं। अगर तीसरे दिन वह 3 छक्के जड़ देते हैं, तो वह टेस्ट रोहित शर्मा को पछाड़ देंगे और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। पंत के नाम टेस्ट में 86 छक्के दर्ज हैं। उन्होंने 46 टेस्ट मैचों की 80 पारियों में यह कारनामा किया है। वहीं, रोहित शर्मा ने 67 मैचों की 116 पारियों में 88 छक्के जड़े हैं। रोहित टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऐसे में पंत का रोहित से आगे निकलना तय है।


**छक्कों की सेंचुरी पूरी करने पर निगाहें**

वीरेंद्र सहवाग टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। सहवाग ने 104 टेस्ट मैचों में 91 छक्के जड़ने का कारनामा किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में पंत सहवाग के इस बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ6 छक्कों की दरकार है। इस साल पंत टेस्ट में 100 छक्के भी पूरे कर सकते हैं। दुनिया में अब तक सिर्फ3 खिलाड़ी ही इस मुकाम को हासिल कर पाए हैं।

ऋषभ पंत इंग्लैंड में खेली जा रही मौजूदा 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज हैं। 3 टेस्ट मैचों की 5 पारियों में उनके बल्ले से अब तक 13 छक्के आ चुके हैं। अगर इसी तरह से उनके बल्ले से छक्के आते रहे तो जल्द ही पंत वीरेंद्र सहवाग ही नहीं बल्कि कई दिग्गजों को पीछे छोड़ देंगे।

# टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के बाद तेज हुई जांच

## पूर्व कोच संग चैट्स आई सामने




**नई दिल्ली।** गुरुग्राम में स्टेट लेवल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के बाद जांच तेज हो गई है। राधिका मर्डर केस में पुलिस आरोपी पिता दीपक से पूछताछ कर रही है। आरोपी दीपक ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह पिछले 15 दिनों से सोया नहीं था। घर में बेचैन घूमता रहता था। घर में किसी से बात तक नहीं करता था। पूछताछ में सामने आई जानकारी के मुताबिक, राधि‍ा अपने पिता दीपक की काउंसलिंग भी करती थी। कुछ समय पहले दीपक के दबाव के चलते राधिका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स बी डिलीट कर दिए थे। दीपक बार-बार राधिका को एकेडमी बंद करने को भी बोलता था।

जानकारी के मुताबिक, दीपक लोगों के ताने से परेसान था। राधिका ने कई बार दीपक को उसपर भरोसा करने के लिए बोला। दरअसल दीपक लोगों की कही जा रही बातों से परेशान था। लोग दीपक को बेटी की कमाई के नाम पर ताने देते थे। दीपक ने कई बार राधिका को एकेडमी बंद करने को कहा। राधिका ने अपने पिता को समझाने की कई बार कोशिश भी की। राधिका अपने पिता दीपक को कहती थी कि उसके ऊपर ढाई करोड़ खर्च किए है। उन पैसों को बर्बाद नहीं होने दूंगी। अपनी प्रतिभा से बच्चों को टेनिस के लिए ट्रेन करूंगी। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने रेवाड़ी के पास से जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं।

इस बीच राधिका के पूर्व कोच के साथ राधिका की चैट्स सामने आई है। इस चैट में राधिका कह रही है कि यहां काफी पाबंदियां हैं। वह कुछ टाइम एंजॉय करना चाहती है और अकेले स्वतंत्र रूप से रहना चाहती है। इसके साथ ही चैट से ये भी पता चल रहा है कि राधिका विदेश भी जाना चाहती थी। राधिका दुबई या ऑस्ट्रेलिया जाने की प्लानिंग भी कर रही थी। राधिका का जो चैट सामने आया है, उसमें राधिका कहती है कि चीन में खाने की बहुत दिक्कत है। फिलहाल पुलिस इस चैट की भी जांच कर रही है। इसके अलावा राधिका आगे चैट में बोलती है कि वह अपने पापा दीपक से बात कर रही है।

उसके पापा ने सब सुनकर मना कर दिया है। चैट में राधिका कहती है कि उसके पापा बोल रहे हैं कि कितने पैसे बचेंगे। राधिका की चैट से साफ पता चल रहा है कि पिता दीपक और राधिका के बीच पैसों को लेकर बात होती थी। यहां तक की राधिका पर कई तरह की पाबंदियां भी घर वालों की तरफसे लगाई जाती थी।

# एमएलसी : एमआई ने सुपर किंग्स को दी मात

**फाइनल में अपनी जगह को किया पक्का**



मेजर क्रिकेट लीग के तीसरे सीजन का फाइनल मुकाबला वॉशिंगटन फ्रीडम और मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क की टीम के बीच खेला जाएगा। इस सीजन का पहला क्वालीफायर मुकाबला बारिश के चलते रद्द होने के बाद वॉशिंगटन फ्रीडम की टीम ने सीधे खिताबी मैच के लिए अपनी जगह को पहले ही पक्का कर लिया था। वहीं 12 जुलाई की सुबह खेले गए चैलेंजर मैच में एमआई न्यूयॉर्क और टेक्सस सुपर किंग्स की भिड़ंत हुई, जिसे एमआई ने 7 विकेट से अपने नाम किया।

फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी में खेल रही टेक्सस सुपर किंग्स की टीम ने चैलेंजर मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 166 रनों का स्कोर बनाया था। इस मैच में एमआई न्यूयॉर्क की टीम जब टारगेट का पीछा करने उतरी तो उसने 43 के स्कोर तक अपने 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से मोनांक पटेल और कप्तान निकोलस पूरन ने रन गति को धीमे नहीं होने दिया, जिसमें मोनांक के बल्ले से 39 गेंदों में 49 रनों की पारी देखने को मिली। एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने जब 83 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट गंवाया तो उसके बाद बल्लेबाजी करने कायरन पोलार्ड उतरे जिसमें उन्होंने पूरन के साथ मिलकर तेजी से रन बनाते हुए टेक्सस सुपर किंग्स को इस मुकाबले में किसी तरह से वापसी का कोई मौका नहीं दिया। पूरन और पोलार्ड के बीच चौथे विकेट के लिए सिर्फ40 गेंदों में 89 रनों की साझेदारी देखने को मिली, जिसमें पूरन ने जहां 36 गेंदों में 52 रनों की नाबाद पारी खेली तो वहीं पोलार्ड के बल्ले से 22 गेंदों में 47 रनों की पारी देखने को मिली। एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने 167 रनों के टारगेट को 19 ओवर्स में हासिल करने के साथ फाइनल में अपनी जगह को पक्का किया।

एमएलसी 2025 का फाइनल मुकाबला 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 पर खेला जाएगा। एमआई न्यूयॉर्क के लिए ये खिताबी मैच आसान नहीं रहने वाला है क्योंकि उन्होंने इस सीजन लीग स्टेज में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेले दोनों ही मैचों में हार का सामना किया है।

**सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को मिली हार**

# विंबडलन ओपन : कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर के बीच होगा खिताबी मुकाबला



विंबडलन ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के दोनों फाइनलिस्ट तय हो गए हैं। कार्लोस अल्काराज का सामना अब यानिक सिनर से 13 जुलाई को होगा। सेमीफाइनल मुकाबले में यानिक सिनर ने नोवाक जोकोविच को एकतरफा मुकाबले में मात दी। सिनर ने 6-3, 6-3, 6-4 से मैच अपने नाम किया। उन्होंने पहली बार विंबडलन ओपन के फाइनल में जगह बनाई है।

जीत के बाद यानिक सिनर ने कहा कि यह अद्भुत है, यह दर्शाता है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में सभी तरह से निखर रहा हूं, जो अहम है, मैं आगे बढ़ते रहने और मेहनत करने की कोशिश कर रहा हूं। पांच साल पहले जब मैंने इस सतह पर शुरुआत की थी, तो मुझे बहुत संघर्ष करना पड़ा था। मैं वास्तव में बहुत अच्छी तरह से नहीं चल पाता था, लेकिन अब मैं बहुत बेहतर चल रहा हूं।

यानिक सिनर 1995 के बाद पांचवें ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने चारों ग्रैंडस्लैम के फाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, राफेल नडाल, एंडी मरे और नोवाक जोकोविच ऐसा कर चुके हैं। वह टेनिस की दुनिया में दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने जोकोविच को लगातार पांच मैचों में शिकस्त दी थी। पहले राफेल नडाल थे।

**अल्काराज से पार पाना नहीं होगा आसान**

अब विंबलडन 2025 का खिताब जीतने के लिए यानिक सिनर का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। उनके लिए अल्काराज से निपटना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा, क्योंकि अल्काराज बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया था। सिनर ने अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम जीते हैं। इनमें ऑस्ट्रेलियन ओपन (2024, 2025) और यूएस ओपन (2024) शामिल हैं।



## रिलायंस इंडस्ट्रीज 18 को जारी करेगी नतीजे

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों का ऐलान इसी महीने होगा। शुक्रवार, 11 जुलाई को कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान 18 जुलाई को हो सकता है।

एक्सचेंज को दी जानकारी में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बताया है, कंपनी की बोर्ड मीटिंग 18 जुलाई 2025 को प्रस्तावित है। इसी दिन बोर्ड की तरफ से तिमाही नतीजों का ऐलान किया जा सकता है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 19517 करोड़ रुपये रह सकता है। इसमें बड़ा योगदान एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी बेचने की वजह से देखने को मिल सकता है। हालांकि, ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के सेल्स में सालाना आधार पर 1 प्रतिशत की गिरावट की देखने को मिल सकती है। नेट सेल्स जून क्वार्टर में 2,29,475.70 करोड़ रुपये रह सकता है। एक साल पहले इसी तिमाही में इसी तिमाही में सेल्स 2,31,784 करोड़ रुपये रह सकता है।

# एवन्यू सुपरमार्ट्स की सुस्त शुरुआत

**नेट प्रॉफिट में महज 2 प्र. का इजाफा**



डी-मार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों का ऐलान किया है। कंपनी की तरफ से जारी किए गए रिजल्ट बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं।

डी-मार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों का ऐलान किया है। कंपनी की तरफ से जारी किए गए रिजल्ट बहुत उत्साहजनक नहीं रहे हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 829.73 करोड़ रुपये रहा है। एक्सपर्ट्स का अनुमान था कि कंपनी को इस साल जून तिमाही में 856.20 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट होगा।

अप्रैल से जून 2025 के दौरान एवन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का रेवन्यू 15932 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 16.19 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, यह भी एक्सपर्ट्स के अनुमान से कम है। ब्लूमबर्ग के पोल में 4 एनालिस्ट ने 16579 करोड़ रुपये के रेवन्यू का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का खर्च भी बढ़ चुका है। पहली तिमाही में कुल खर्च 15,321.66 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,056.61 करोड़ रुपये था।

मुंबई की रिटेल कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान 9 नए स्टोर्स खोले हैं। जिसके बाद अब उनके कुल स्टोर्स की संख्या 424 हो गई है। मर्चेंडाइज और अपैरल जोकि ज्यादा मार्जिन देते हैं उनका रेवन्यू में 24.70 प्रतिशत का योगदान है। वहीं, लो मार्जिन वाले प्रोडक्ट जैसे फूड और ग्रॉसरी का सेल्स में 55.60 प्रतिशत का योगदान है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि नए स्टोर्स के खोलने और कर्मचारियों का खर्च बढ़ने का असर कंपनी पर दिख रहा है। जिसकी वजह से नतीजे सुस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि, भविष्य में इसमें सुधार की उम्मीद है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 4063.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 2025 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 14 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, एक साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 17 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

# फास्टैग पास से एक्सप्रेस-वे पर महज 15 रुपये लगेगा टोल टैक्स




केंद्र सरकार की वार्षिक फास्टैग पास योजना से देश के किसी भी एक्सप्रेस-वे अथवा एक्सेस कंट्रोल नेशनल हाइवे को महज 15 रुपये टोल टैक्स देकर पार किया जा सकेगा। क्योंकि, वार्षिक फास्टैग पास में सड़क यात्री से टोल टैक्स दूरी के अनुपात के बजाए एक टोल प्लाजा पार करने के हिसाब से लेने का प्रावधान है। यह योजना आगामी 15 अगस्त से शुरू होने वाली है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के 17 जून को वार्षिक फास्टैग पास योजना के नोटिफिकेशन में भी इस बात का उल्लेख है कि एक्सप्रेस-वे तथा एक्सेस कंट्रोल नेशनल हाईवे में प्रवेश-निकास टोल प्लाजा को एक की टोल गेट माना जाएगा।

**200 टोल प्लाजा पार कर सकता है वाहन चालक**


मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे में शुरू के टोल प्लाजा पर कार चालक को एक पर्ची दी जाती है और निकास टोल गेट पर दूसरी के हिसाब से टोल टैक्स फास्टैग से काट लिया जाता है, लेकिन सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की 3000 रुपये की वार्षिक फास्टैग योजना में वाहन चालक 200 टोल प्लाजा को पार कर सकता है। इस प्रकार से उसे प्रत्येक टोल प्लाजा को पार करने के लिए महज 15 रुपये टोल देना होगा। प्रत्येक 60 किलोमीटर पर टोल टैक्स का प्रावधान होता है।

**देश में निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे जहां मिलेगा लाभ**

एनएचएआई के प्रवक्ता ने माना कि 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग पास संबंधी अधिसूचना के मुताबिक एक्सेस कंट्रोल व एक्सप्रेस-वे पर सड़क यात्री को सिर्फ 15 रुपये ही टोल टैक्स देना होगा। लेकिन तकनीकी रूप से यह व्यवहारिक नहीं लगता है।

उदाहरण के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दूरी 1386 किलोमीटर है। इतनी दूरी का कम से कम 500-600 रुपये टोल लगता है। विभाग इसमें संशोधन पर विचार कर रहा है।

## 2 पर मिलेंगे 1 शेयर फ्री, कंपनी ने किया रिकॉर्ड डेट का ऐलान




ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने बोनस शेयर का ऐलान किया है। कंपनी पहली बार बोनस शेयर दे रही है। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। जोकि 20 जुलाई से पहले ही है। एक्सचेंज को दी जानकारी में ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले 2 शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 18 जुलाई की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। इस रिकॉर्ड डेट का ऐलान कंपनी ने शुक्रवार को किया है। शुक्रवार को ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के शेयर 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 562 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 3 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 16 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने के दौरान इस स्टॉक का भाव 21 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, एक साल में ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के शेयरों का भाव 18 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 3.26 प्रतिशत की तेजी आई है।

कंपनी का 52 वीक हाई 619.90 रुपये और 52 वीक लो लेवल 381.10 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 817.64 करोड़ रुपये का है। बता दें, ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में बीते 2 साल में 102 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

## ट्रम्प कनाडा पर लगाएंगे 35 प्र. टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को भेजा एक पत्र पोस्ट किया जिसमें उन्होंने आगामी टैरिफ की रूपरेखा प्रस्तुत की। बता दें, इस हफ्ते, ट्रंप ने करीब 20 देशों को पत्र लिखकर 1 अगस्त से उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाने का संकल्प लिया है।

खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि कनाडा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में फेंटेनाइल के फ्लो को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं, जबकि दक्षिणी सीमा की तुलना में हर साल उत्तरी सीमा से अपेक्षाकृत कम फेंटेनाइल गुजरता है। कार्नी को लिखे पत्र में ट्रम्प ने लिखा कि अगर कनाडा फेंटेनाइल के फ्लो को रोकने के लिए मेरे साथ मिलकर काम करता है, तो हम शायद इस पत्र में बदलाव पर विचार करेंगे।

# आईओपी से पहले फ्लिपकार्ट का बड़ा तोहफा

## 7500 से ज्यादा कर्मचारियों को होगा फायदा




वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने आईपीओ से पहले एक बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने बायबैक योजना के तहत 5 करोड़ डॉलर के कर्मचारी शेयर खरीदने की योजना बनाई है। इससे 7500 से ज्यादा ई-कॉमर्स कर्मचारियों को फायदा होने की उम्मीद है। खबर के मुताबिक सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति द्वारा कर्मचारियों को भेजे गए एक इंटरनल ईमेल के अनुसार, 6 जुलाई, 2022 से 5 जुलाई, 2025 के बीच कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के पास अपने वेस्टेड कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना का 5 प्र. तक बेचने का विकल्प होगा। कल्याण ने आगे कहा कि अगर साल के अंत तक प्रमुख लक्ष्य पूरे हो जाते हैं, तो 2026 की शुरुआत में 5 प्र. ESOP लिक्विडिटी का एक और मौका मिल सकता है। आपको बता दें कि कंपनी का मौजूदा मूल्यांकन लगभग 36 अरब डॉलर आंका गया है। इसके कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 22,000 हैं।

2018 में वॉलमार्ट ने भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में 16 बिलियन डॉलर में 77त्न की नियंत्रित हिस्सेदारी हासिल की थी। अब कंपनी आईपीओ लाने की योजना बना रही है। ऐसा अनुमान है कि कंपनी का आईपीओ अगले साल की पहली छमाही में लॉन्च हो जाएगा।

हाल ही में फ्लिपकार्ट की प्रतिद्वंदी मीशो ने गोपनीय मार्ग से अपना आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेजों का मसौदा जमा किया है। मीशो के शेयरधारकों की 25 जून को हुई असाधारण आम बैठक में आईपीओ लाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। कंपनी ने आईपीओ के जरिये कम-से-कम 4,250 करोड़ रुपये जुटाने की अपनी योजना साझा की थी।

## 86 करोड़ रुपये में बिका बिर्किन बैग

### सिर्फ 10 मिनट में खत्म हुई नीलामी



महिलाओं द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक हैंडबैग इतना महंगा बिक सकता है, आपने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। जी हां, 10 जुलाई को ऑक्शन के लिए रखा गया पहला बिर्किन बैग 8.6 मिलिनय यूरो (करीब 86.31 करोड़ रुपये) में बिक गया। इसमें सभी तरह की फीस भी शामिल है। खास बात ये है कि बिर्किन बैग की नीलामी के लिए आयोजित ऑक्शन सिर्फ10 मिनट में खत्म हो गया। इस ऑक्शन में कुल 9 खरीदारों ने हिस्सा लिया था।

सोथबी की नीलामी में पेरिस फैशन आइकन की बिक्री के हिस्से के रूप में फ्रांस के लग्जरी लेबल हर्मीस का प्रतिष्ठित हैंडबैग नीलाम हुआ। यह नीलामी में बिकने वाला अभी तक का सबसे महंगा हैंडबैग है। हर्मीस ने यह बैग दिवंगत अभिनेत्री, गायिका और फैशन आइकॉन जेन बिर्किन के नाम पर बनाया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, लग्जरी सामानों को रीसेल करने वाले 'वैल्यूएन्स जापान' ने इस बैग के लिए सबसे ज्यादा बोली लगाई और करीब 86 करोड़ रुपये में खरीद ली। आपको बता दें कि टोक्यो का 'वैल्यूएन्स जापान', लग्जरी चीजों का रीसेलर है। वैल्यूएन्स जापान, वैल्यूएन्स होल्डिंग्स इंक की एक प्रमुख सब्सिडरी कंपनी है, जो मुख्यतः रीयूज बिजनेस में शामिल है।

## एक नजर

### अनवर खान को पीएचडी



**अंबागढ़ चौकी।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कला संकाय हिंदी विषय अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग से अंबागढ़ चौकी निवासी शोधार्थी अनवर खान ने पीएचडी उपाधि का कार्य पूर्ण किया है। इस शोध कार्य में उनके निदेशक डॉ. बी. एन.जागृत सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन में कैलाश बनवासी की कहानियों में भूमंडलीकरण का प्रभाव विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। भूमंडलीकरण आज के वर्तमान समय , व समाज की एक भयावह यथार्थ है जिसे उन्होंने इसके समाज पर पढ़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव को बताते हुए समाज को सजग करने का प्रयास कैलाश बनवासी की कहानियों के माध्यम से किया है।

### दृष्टिहीन का शव फंदे पर लटका मिला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र के अछोली इलाके में शुक्रवार रात को एक दृष्टिहीन व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवा दिया गया है। आज शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस इस संदिग्ध मौत के मामले में हर एंगल से जांच कर रही है।

### छग संयुक्त किसान मोर्चा छेड़ेगा बस्तर बचाओ अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 साल बीतने के बाद भी प्रदेश में भ्रष्टाचार से प्रदेश का कोई हिस्सा नहीं बचा है। भ्रष्ट अधिकारी एवं भ्रष्ट राजनीतिक नेता प्रदेश को खुलेआम लूट रहे हैं। वर्तमान नेतृत्व भी पूर्व सरकार के नक्शे कदमों पर ही चल रहा है। दीवाली के बाद छग संयुक्त किसान मोर्चा बस्तर बचाओं अभियान शुरू करेगा। इसमें सर्वोच्च प्राथमिकता नक्सलवाद के उन्मूलन की होगी। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे, संयोजक इंजीनियर जीपी चंद्राकर, देवेंद्र सोनकर एवं लालराम वर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

### कुएं की सफाई के दौरान दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

**बिलासपुर।** जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां कुएं की सफाई के दौरान दो सगे भाइयों की जान चली गई। यह हादसा कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करही कछार के डिपरापारा मोहल्ले में हुआ। जानकारी के अनुसार, डिपरापारा निवासी दिलीप पटेल शुक्रवार शाम अपने घर के कुएं की सफाई के लिए कुएं में उतरे थे। सफाई के दौरान दिलीप पानी में फंसकर डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए उनका छोटा भाई दिनेश पटेल भी कुएं में कूद गया। माना जा रहा है कि कुएं में ऑक्सीजन की कमी के कारण दोनों भाइयों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बेलगहना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग और परिवारजन इस हादसे से स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग 15 से

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बी.एस.सी. कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण की काउंसलिंग 15 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक चलेगी। प्रथम चरण की काउंसलिंग में 15 जुलाई को ऑनलाईन पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को पीएटी परीक्षा की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन किया जायेगा। 16 से 18 जुलाई तक कृषि महाविद्यालय रायपुर में प्रातः 8 बजे से शाम 5:30 तक दस्तावेजों का परीक्षण किया जायेगा।

# जीएसटी की टीम ने पांच शहरों में 25 ठिकानों पर दी दबिश

## लगाई जा रही 10 करोड़ रुपए की पेनाल्टी




**रायपुर।** स्टेट जीएसटी की टीम ने 25 से अधिक जगहों पर छापा मारा है। टीम ने गुटखा, जूता, कार्पोरेट, कपड़ा एंव ट्रेडिंग फर्मों के बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़ और जगदलपुर में ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान तलाशी में बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों पर 10 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाई जा रही है।

कारोबारी ठिकानों पर मिले खातों, बिलों, स्टॉफ रजिस्टर और अन्य व्यावसायिक रिकॉर्ड को खंगालते हुए लगातार कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया है। अब फाइनल रिपोर्ट तैयार हो रही है। छापेमारी के दौरान अधिकारियो को बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों को नोटिस भी जारी किया गया है। तलाशी के दौरान बिल बुक्स और दूसरे दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जीएसटी इंटेलिजेंस को यह भी जानकारी मिली है कि उक्त फर्मों के डीलरों ने जीएसटी टैक्स जमा नहीं किया है।जीएसटी की टीम ने इसके साथ ही दो थोक ड्रायफ्रूट व्यापारी की दुकान और गोदाम में छापेमारी की। यहां दस्तावेज खंगाले गए। दोनों दुकानों में टैक्स चोरी के साथ ही गड़बड़ी मिली है। टीम ने दोनों दुकानों से दस्तावेज, कंप्यूटर, लैपटॉप और हिसाब-किताब की डायरी जब्त की है। दोनों जगहों पर मिले कम्प्यूटर सिस्टम को भी टीम के सदस्यों ने खंगाला। घंटों चली इस छानबीन में टीम ने बिक्री से जुड़े बिल, वाउचर और डिजिटल डेटा की गहन पड़ताल की है। विभाग को लंबे समय से इन दुकानों में कर चोरी की शिकायतें मिल रही थीं।

अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था। जब मौके पर जांच टीम पहुंची तो, देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर करोड़ों में है लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान जीरो है। इसके साथ ही जब ई-वे बिल की जांच की गई तो पता चला कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, लेकिन बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है। जीएसटी स्पेशल कमिश्नर टीएल ध्रुव ने बताया कि, पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं हो पाएगा। यही वजह है कि पिछले तिमाही में छत्तीसगढ़ देश के उन टॉप राज्यों में शामिल था, जहां से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी का कलेक्शन कर दिया गया है। इस बार की तिमाही में भी यह रिकार्ड बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

## कर्ज के नाम पर जबरन वसूली

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक बार फिर कर्ज के नाम पर जबरन वसूली करने वाले हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर और उसके साथियों के खिलाफ 384, 506, 34 भादवि और छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत एक और एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में व्यापारी भोपाल मणि साहू ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल मणि साहू, जो मुरुम व गिट्टी सप्लाई का व्यवसाय करता है, ने आरोप लगाया है कि व्यवसाय हेतु पैसे की जरूरत होने पर उसने 14 दिसंबर 2022 को आरोपी रोहित तोमर से 3 प्र. मासिक ब्याज पर 2 लाख उधार लिए थे। इस दौरान आरोपियों ने उससे कोरे स्टांप पर जबरन हस्ताक्षर कराए और अपने कब्जे में रख लिए। इसके बाद आरोपी रोहित तोमर, दिव्यांश, आकाश, योगेश सिन्हा और अन्य लोगों ने साहू से लगातार व्हाट्सएप कॉल और व्यक्तिगत धमकियों के जरिये जबरन वसूली शुरू कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने साहू के घर जाकर मारपीट की धमकियां दीं और कभी-कभी भाटागांव स्थित अपने घर पर भी बुलाकर मानसिक प्रताड़ना दी। व्यापारी ने डर के चलते किस्तों में नगद, फोन पे और गूगल पे के माध्यम से कुल 30,26,200 आरोपियों को दे दिए। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रोहित तोमर, दिव्यांश, आकाश, योगेश सिन्हा एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। उल्लेखनीय है कि यह गिरोह पहले से ही दो थानों में कुल सात मामलों में आरोपी है। दिव्यांश सिंह को पूर्व के एक मामले में गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल रायपुर भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस कर रही पतासाजी, मामला गंभीर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपीगण की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का कहना है कि इस गैंग के खिलाफपहले से दर्ज मामलों और वर्तमान केस को एक साथ जोड़कर कार्रवाई की जाएगी।

## सत्यापन के दौरान बड़ा खुलासा

# एक लाख से अधिक बनाए गए फर्जी आधार कार्ड, फिर बना राशन कार्ड

**31 लाख हितग्राहियों का केवायसी नहीं**




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड सत्यापन के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। जहां पता चला है कि एक लाख से अधिक फर्जी आधार कार्ड बनाए गए हैं। इन फर्जी आधार कार्ड के जरिए राशन कार्ड बनाकर तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है।

दरअसल, छत्तीसगढ़ में इन दिनों राशनकार्ड वैरिफिकेशन और ई-केवाईसी के दौरान यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। जहां खाद्य नागरिक आपूर्ति संचालनालय ने जब राशन कार्ड के फर्जीवाड़े की जांच की तो पता चला कि 100 वर्ष से अधिक आयु के 1806 लोगों के आधार नंबर का उपयोग कर राशनकार्ड बनाए गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें एक 162 साल की बुजुर्ग महिला के आधार नंबर से राशन कार्ड बनाकर उसमें पुरुष सदस्य का नाम जोड़ दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड 31 लाख हितग्राहियों का सत्यापन नहीं हो पाया है। क्रेंद के निर्देश पर राज्य सरकार ने 30 जून तक केवायसी कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी कई हितग्राहियों के नहीं पहुंचने पर उनका राशन बंद किया गया है।

छत्तीसगढ़ खाद्य संचालनालय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को सूची भेजी है. जिसमें डुप्लीकेट आधार वाले सदस्यों, 100 वर्ष से अधिक उम्र व निष्क्रिय आधार कार्ड धारकों की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में पता चला है कि कई स्वजन द्वारा मृत या अनुपस्थित सदस्यों के नाम से भी चावल के साथ अन्य योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। वहीं कुछ ऐसे भी आधार कार्ड मिले हैं, जो लोग दूसरे राज्यों या देशों से संबंधित हैं. इन सदस्यों के नाम पर न सिर्फ राशन उठाया गया है, बल्कि, स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य योजनाओं का भी लाभ लिया जा रहा है।

राशन कार्ड के सत्यापन के दौरान पता चला है कि छत्तीसगढ़ में करीब 1 लाख के अधिक फर्जी आधार कार्ड बनाए गए हैं। जिसके माध्यम से राशन समेत अन्य योजनाओं का लाभ लिया जा रहा था।

**रायपुर में 18 हजार फर्जी राशन कार्ड**

अकेले रायपुर में फर्जी आधार से राशनकार्ड बनवाने वालों का आंकड़ा 18 हजार से अधिक है। पूरे मामले को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। खाद्य संचालनालय ने संबंधित जिलों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके जांच के लिए जिला कलेक्टरों को विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया गया है।

# तरल नैनो डीएपी लेने के लिए मार्कफेड ने बुलाई निविदा

## डीएपी खाद की मांग बढ़ी




**रायपुर।** सावन लगते ही इस समय धान की बोवाई रोपाई एवं चलाई का कार्य जोर पकड़ते जा रहा है इसके साथ ही डीएपी खाद की डिमांड बढ़ती जा रही है लेकिन डीएपी की आपूर्ति नहीं होने के कारण अब राज्य सरकार ने वैकल्पिक खाद के रूप में नैनो डीएपी खरीदने का निर्णय लिया गया है।

राज्य में खाद खरीदी के लिए मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। मार्कफेड ने 17 लाख मीटरिन टन खाद खरीदी का लक्ष्य है। इसके एवज में 7 लाख टन खाद का वितरण किया गया है। राज्य में इस समय खाद का रेक पहुंच रहा है जिसमें एनपीके यूरिया तथा पोटाश प्रमुख है। अधिकारियों के अनुसार डीएपी में यूरिया तथा पोटाश दोनों होता है इसलिए इसकी डिमांड ज्यादा है। खाद का वितरण सहकारी समिति के माध्यम से किया जा रहा है। रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद में पांच सौ सहकारी समितियों के माध्यम से इसका वितरण किया जा रहा है। रायपुर कृषि सहकारी बैंक को ढाई लाख टन खाद का आबंटन किया गया है। किसान इस समय डीएपी खाद को लेकर समितियों का चक्कर काट रहे हैं।

इधर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे मुख्य मुद्दा बना लिया है ग्रामीण अध्यक्ष उधो प्रसाद वर्मा ने कलेक्टर को इसके लिए ज्ञापन दिया है। कई कांग्रेसजनों ने सहकारी समिति के गोडाउन के सामने धरना दिया है। इसलिए अब खाद की कालाबाजारी भी जमकर होने का आरोप विपक्ष ने लगाया है।

अधिकारियों का कहना है कि डीएपी के एवज में तरल नैनों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इसका वैकल्पिक खाद के रूप में उपयोग करने की सलाह दी गई है। कम लागत में समान पैदावार और ठोस डीएपी पर निर्भरता में कमी आएगी। राज्य सरकार का दावा है कि सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में नैनों डीएपी उपलब्ध है। मार्कफेड में इसके लिए टैंडर बुलाया है। नैनों डीएपी का बाई प्रोडक्ट है। बताया जाता है कि खाड़ी देशों तथा विदेशों में कच्चा माल नहीं मिलने के कारण इसका उत्पादन नहीं हो पा रहा है। जबकि पड़ोसी राज्य में डीएपी भरपूर मात्रा में उपलब्ध है।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब तीन युवक और दो युवतियां कार में सवार होकर अंबिकापुर की ओर आ रहे थे। चठिरमा गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। गांधीनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दुर्घटना की भयावहता साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण माना है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सावन में भागवत कथाओं का आयोजन

## शिवालयों में होगा शंकर भगवान का विशेष श्रृंगार



**रायपुर।** सावन महीना शुरू होते ही अब भागवत कथाओं एवं अन्य धार्मिक पूजन तथा त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है।

छग के रायपुर सहित अनेक स्थानों में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज श्याम खाटू मंदिर में भागवत कथा बृंदावन के तथा व्यास चिनमय दास महाराज के द्वारा भागवत कथा के पहले कलश यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा चौबे कालोनी चिंताहरण मंदिर से निकाली गई। मेक कालेज में पं. शंभुशरण लाटा की कथा हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। सावन महीने में इस समय भक्त एक समय का उपवास करते हैं। राजधानी में इस समय केला, सेव तथा अनापत्ति के भाव आसमान छू रहे हैं। सावन लगते ही इनके भाव बढ़ गये हैं। प्रदेश के भक्त सावन महीने में बैजनाथ धाम जा रहे है वहीं अमरनाथ की यात्रा पर भी बड़ी संख्या में निकले हैं। राजधानी में विभिन्न शिवालयों से कावड़ यात्रा निकलेगी। हठकेश्वर नाथ मंदिर में भी भोलेनाथ की पहला सोमवार से लेकर चौथा सोमवार तक विशेष श्रृंगार किया जाएगा। टिकरापारा नीलकंठेश्वर मंदिर में विशेष पूजन तथा रूद्राभिषेक किया जाएगा।

### पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर।** वी.केयर अस्पताल के पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रीना ठाकुर 32 वर्ष जगदंबा कालोनी भाठागांव की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 08 जेड 3675 को वी.केयर अस्पताल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# राज्यपाल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत बादाम के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। साथ ही लगाए गए पौधे को सजीव बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाने की बात कही। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। पेड़ पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अनमोल उपहार है।

### 18 घरों में चोरी करने वाला गैंग गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करीब 18 घरों में चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह के लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से 5 आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देते थे वहीं एक आरोपी चोरी के माल को खरीदता था। इस गैंग ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सुने मकान को निशाना बनाया था। आरोपियों के पास से 26 तोला सोना समेत 30 लाख का माल पुलिस ने जब्त किया है। रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की शिकायतों के बाद पुलिस प्रशासन ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए 30 सदस्यों की टीम बनाई थी, इस टीम ने वारदात के आसपास के सीसीटीवी कैमरों और पूछताछ की मदद से आरोपियों की गिरफ्तारी की। इस गैंग ने ज्यादातर शहर के आउटर इलाकों के सुने मकानों को निशाना बनाया था।

### छत्तीसगढ़ में मानसून की रफ्तार पर लगा ब्रेक



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में सप्ताह भर लगातार बारिश के बाद मानसून की रफ्तार में ब्रेक लगा है। शुक्रवार को पूरे प्रदेश में सिर्फ12.2 स्स्रूपानी ही बरसा। मौसम विभाग की माने तो अगले पांच दिनों तक दुर्ग, रायपुर और बस्तर में बारिश कम होगी। वहीं बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में अगले 4 दिन मध्यम से भारी बारिश होने संभावना है। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 362.1 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है। रायगढ़ जिले में सबसे ज्यादा 518.3 मिमी पानी बरसा है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 174.9 मिमी बारिश हुई है।

# 15 जुलाई से फिर चलेंगी लोकल मेमू और डेमू ट्रेनें



**रायपुर।** डोंगरगढ़ समेत दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, कटंगी, रायपुर और बालाघाट के यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। कोरोना काल में सुरक्षा कारणों से बंद की गई लोकल मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनों का संचालन एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इन ट्रेनों को 15 जुलाई से चरणबद्ध तरीके से बहाल करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से हजारों दैनिक यात्रियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को राहत मिलेगी, जो अब तक महंगे निजी साधनों पर निर्भर थे। 17 जुलाई तक सभी 13 लोकल ट्रेनों को पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा, जिनमें गोंदिया-कटंगी, रायपुर-डोंगरगढ़, रायपुर-गेवरा रोड और तूमसर रोड-बालाघाट जैसी प्रमुख रूट की ट्रेनें शामिल हैं। सांसद संतोष पांडेय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना के बाद लोकल ट्रेनों के बंद हो जाने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को उन्होंने लगातार केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष उठाया और जून में हुई मंडल स्तरीय बैठक में भी इस पर विशेष ध्यान देने की मांग की थी। ट्रेनों के दोबारा शुरू होने से यात्रा एक बार फिर किफायती और सुविधाजनक हो जाएगी। खासकर ग्रामीण इलाकों और छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वालों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी। रेल प्रशासन ने भी यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेनों में यात्रा के दौरान नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा का अनुभव लें।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26